आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 18 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-201 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 अक्टूबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

# कांग्रेस की दूसरी सूची में विकास,अजीत, पकंज,रामसुंदर दास के नाम की चर्चा

## कई विधायकों की टिकिट अधर में

**नई दिल्ली,18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीवारों की दूसरी लिस्ट आज शाम तक जारी हो सकती है। कांग्रेस उम्मीदवारों की दूसरी सूची में 35 से 40 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जा सकते हैं। जिन विधायकों की टिकट काटे जाने की बात सामने आ रही उनकी लिस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि नई दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को हुई कांग्रेस CEC उपसमिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की बाकी बची 60 सीटों में नामों पर अंतिम मुहर लग गई है। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य बड़े लीडर भी मौजूद रहे।कांग्रेस उम्मीदवारों की दूसरी सूची में 35 से 40 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जा सकते हैं। इसमें कई बड़े बदलाव भी दिख सकते हैं। जिन विधायकों की टिकट काटे जाने पर समिति में सहमति बनती दिख रही हैं उनमें बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव राय, कसडोल विधायक शंकुतला साहू, सरायपाली विधायक किस्मत लाल नंद, मनेन्द्रगढ़ विधायक विनय जयसवाल, जशपुर विधायक विनय भगत, प्रेमनगर विधायक खेल साय सिंह, प्रतापपुर विधायक डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह, तखतपुर विधायक रश्मि सिंह, महासमुंद विधायक विनोद चंद्राकर, रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा, रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा, धरसींवा विधायक अनिता शर्मा और सिहावा विधायक लक्ष्मी ध्रुव शामिल हैं।

**जगदलपुर,18 अक्टूबर। यहां से राजीव शर्मा को कांग्रेस की टिकट मिलने की खबर से उनके समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया।**



### अनूप नाग ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया



**कांकेर,18 अक्टूबर।** प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद कांग्रेस में भी बगावत शुरू हो गई है. कांकेर जिले की अंतागढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस के वर्तमान विधायक अनूप नाग निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बना लिया है. वे अपने समर्थकों के साथ नामांकन लेने आज कलेक्टोरेट पहुंचे. कांग्रेस ने अंतागढ़ से अनूप नाग का टिकिट काटकर नए प्रत्याशी रूप सिंह पोटाई को प्रत्याशी बनाया है. टिकिट कटने से अनूप नाग व उनके समर्थकों में भारी नाराजगी है. कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान टिकिट कटने से नाराज कार्यकर्ताओं ने पीसीसी चीफ के समक्ष ही अनूप नहीं तो कोई नहीं के भी नारे लगाए थे. अब गुटबाजी जमकर सामने आ रही.

### कांग्रेस की संभावित दूसरी सूची

1. भरतपुर से गुलाब कमरो
2. मनेंद्रगढ़ से प्रभा पटेल
3. बैकुंठपुर से अंबिका सिंहदेव
4. प्रेमनगर से भानुप्रताप सिंह
5. भटगांव से पारसनाथ राजवाड़े
6. रामानुजगंज से अजय तिर्की
7. लुंड्रा से डॉ. प्रीतम राम
8. लैलूंगा से चक्रधर सिंह सिदार
9. सारंगढ़ कांग्रेस पदमा मनहर या उत्तरी जांगड़े
10. धरमजयगढ़ से लालजीत सिंह
11. रामपुर से श्यामलाल कंवर
12. कटघोरा से पुरुषोत्तम कंवर
13. लोरमी से थानेश्वर साहू
14. मुंगेली कांग्रेस रूपलाल कोसरे या संजीत बनर्जी
15. बिलासपुर से शैलेष पांडेय
16. अकलतरा से कांग्रेस राघवेंद्र सिंह
17. चंद्रपुर से रामकुमार यादव
18. जैजैपुर से चौलेश्वर चंद्राकर या टेकचंद चंद्रा
19. पामगढ़ से शेशराज हरबंश या रवि भारद्वाज
20. बसना से देवेंद्र बहादुर
21. बिलाईगढ़ से पीयूष कोसरे या कविता प्राण लहरे
22 कसडोल से संदीप साहू या रोहित साहू
23 बलौदाबाजार से छाया वर्मा या शैलेश नितिन त्रिवेदी
24 धरसींवा से चंद्रशेखर शुक्ला या देवव्रत नायक
25. रायपुर ग्रामीण से पंकज शर्मा
26. रायपुर पश्चिम कांग्रेस विकास उपाध्याय
27. रायपुर दक्षिण से रामसुंदर दास या प्रमोद दुबे
28 अभनपुर से धनेंद्र साहू
29. राजिम से अमितेश शुक्ला
30. बिंद्रानवागढ़ से संजय नेताम
31. गुंडरदेही से कुंवर सिंह निषाद या प्रतिमा चंद्राकर
32. दुर्ग शहर से अरुण वोरा
33. भिलाई नगर से श्रुति यादव
34.वैशाली नगर कांग्रेस तुलसी साहू या मुकेश चंद्राकर
35. अहिवारा कांग्रेस निर्मल कोसरे
36 बेमेतरा से आशीष छाबड़ा

## संक्षेप



मां कूष्मांडा



### पंडरिया से भावना व बेलतरा से हर्षिता बीजेपी प्रत्याशी

**रायपुर,18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने तीसरी लिस्ट जारी की है। बीजेपी की जारी लिस्ट में एक ही नाम है। पंडरिया विधानसभा सीट से श्रीमती भावना बोहरा को टिकट मिला है। बता दें कि ये दिग्गज महिला वर्तमान समय में सभापति जिला पंचायत कबीरधाम से और प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा पर बनी हुई हैं।

बेलतरा से भाजपा ने श्रीमती हर्षिता पांडे को प्रत्याशी घोषित किया है।

### रमन सिंह ने किया चुनाव तारीख बदलने का आग्रह

**रायपुर,18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण का मतदान दिनांक (17 नवंबर) बदलने का आग्रह किया उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण (17 नवंबर) के निकट छठ पूजा का पर्व आने से बड़ी संख्या में मतदाता इस निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन पायेंगे। मैं आयोग से आग्रह करता हूँ कि दूसरे चरण के मतदान को आगे बढ़ाने की कृपा करें, जिससे अधिक से अधिक संख्या में मतदाता इस चुनाव से जुड़कर अपने मताधिकार का उपयोग कर पाएँ।

### रमन सिंह पूरे कुनबे के साथ डूबेंगे : बघेल

**रायपुर,18 अक्टूबर।** बीजेपी की तीसरी लिस्ट आने पर सीएम भूपेश बघेल का बड़ा बयान सामने आया है। इस सूची को लेकर सीएम बघेल ने कहा कि टिकट वितरण में रमन सिंह की चल रही है। रमन सिंह अपने लोगों को टिकट दे रहे हैं। रमन सिंह खुद भी डूबेंगे पूरे कुनबे के साथ।

### ट्रक ने बाइक सवार को कुचला,मौत

**गरियाबंद,18 अक्टूबर।** जिले में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया, हादसे के बाद मौके पर काफी देर जाम भी लगा था। मामला मैनपुर थाना इलाके का है। मिली जानकारी के अनुसार घटना सुबह 6.30 बजे कि है मैनपुर से आधा किलोमीटर दूर रायपुर रोड मे एक ट्रक ने जाड़ापदर निवासी मोहन साहू पिता गोवर्धन साहू बाइक से मैनपुर कि तरफ आ रहा है था तभी देवभोग कि तरफ से रायपुर कि तरफ जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को जबरदस्त टक्कर मारी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक मुख्य मार्ग से 30 फिट दूर जा गिरा। वही घटना स्थल पर लोगो कि भीड़ लग गईं वहा मौजूद लोगो ने युवक को कार से मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहाँ डॉक्टरो ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

# मां-बेटे की खून से सनी लाश मिली

### देवर पर भाभी-भतीजे की हत्या का आरोप

**महासमुंद 18 अक्टूबर।** चुनावी शोर के बीच डबल मर्डर से महासमुंद में सनसनी फैल गयी है। आरोप है कि देवर ने अपनी ही भाभी और भतीजे की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना महासमुंद के कोमाखान क्षेत्र की बतायी जा रही है। आरोप है कि मृतिका के देवर ने ही शराब के नशे में भाभी और भतीजे की जान ले ली। इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गये । कोमाखान थाना क्षेत्र के पतेरापाली गांव में देवर ने अपनी भाभी व तीन साल के मासूम भतीजे की हत्या कर दी। घटना सब्बल से वार कर किया गया है। दोनों की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपित मौके से भाग निकला।

मृतिका का नाम तुलसी ठाकुर 31 पति जयदेव ठाकुर, वहीं मृत पुत्र का नाम कमलेश 3 साल था। जानकारी के मुताबिक मृतिका तुलसी का देवर पुकराम ठाकुर नशे की हालत में घर आया, जहां दोनों के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गयी। तैश में आकर पास रखे सब्बल से आरोपित ने तुलसी पर वार कर दिया। मां से झगड़ता देख बच्चा भी पास आ गया, जिससे बच्चे पर भी वार किया गया। जिससे दोनों की मौत हो गई। मृतिका तुलसी का 8 वर्षीय बड़ा पुत्र है, जो पिता व दादी के साथ घर से बाहर थे। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

### बस-ट्रक में टक्कर, कई यात्री घायल

**धमतरी,18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां जिले के केरेगांव नगरी मार्ग में बस और ट्रक में जोरदार भिड़ंत हो गई।

बस चालक सहित 6 से ज्यादा यात्री घायल हो गए, जिसके बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि बस नगरी से धमतरी आ रही थी। यह हादसा केरेगांव थाना क्षेत्र के बनरौद के पास का है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। इस घटना की सूचना आसपास के लोगों ने तत्काल रूप से पुलिस को दी। जिसके बाद से पुलिस इस सड़क हादसे की जांच में जुटी, और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### खाद्य विभाग टीम का ताबड़तोड़ छापा

**राजनांदगांव,18 अक्टूबर।** खाद्य विभाग की टीम ने आज जिले के अलग-अलग स्थानों पर मारा छापा। राजनांदगाव दीवाली धनतेरस त्यौहार सीजन से पहले फूड विभाग की टीम एक्टिव मोड़ में आ गईं हैं खाद्य प्रशासन रायपुर और राजनांदगांव की संयुक्त टीम ने क़ल अलग अलग जगह पर जाकर छापामारी कार्यवाही की गईं हैं, ग्राम गठुला के आसपास स्थित कन्फेक्शनरी फैक्ट्री और शहर मठपारा क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दी। दबिश, गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर पहुंची टीम, ने कई जगह जाकर सैम्पलिंग और नमूने जाँच के लिए भेजे गए। खराब मिठाईयों की ब्रिकी को रोकने के लिए टीम दबीश दे रही हैं और सघन अभियान चला रही हैं..

# केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 4% बढ़ा

**नई दिल्ली,18 अक्टूबर।** नवरात्रि में केन्द्र सरकार ने करोड़ों सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। मोदी सरकार के केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 4% महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद केंद्रीय कर्मचारियों की डीए की नई दर 46% हो गई है। यह बीते 1 जुलाई से प्रभावी होगा। आपको बता दें कि पहली छमाही में केंद्रीय कर्मचारियों को 42% की दर से डीए मिल रहा था। सरकार के नए फैसले से 1 करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। इसमें 60 लाख से ज्यादा पेंशनर्स भी शामिल हैं।

अगर किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 18,000 रुपये है तो अभी 42% डीए के आधार पर 7,560 रुपये का मासिक भत्ता मिल रहा होगा। इसमें 4% बढ़ोतरी पर डीए की नई दर 46% हो जाएगी। ऐसे में कर्मचारी का मासिक भत्ता बढ़कर 8,280 रुपये हो जाएगा। मासिक आधार पर भत्ते में 720 रुपये की बढ़ोतरी होगी।

डीए पर सरकार की नई मंजूरी 1 जुलाई से प्रभावित होगी। ऐसे में कर्मचारियों की आगामी सैलरी में जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर




यानी कुल 4 महीने का भत्ता जुड़ जाएगा। इस तरह 18000 रुपये बेसिक-पे वाले केंद्रीय कर्मचारी की अक्टूबर की सैलरी में 2,880 रुपये का भत्ता आएगा।

56,900 रुपये के बेसिक सैलरी वाले कर्मचारियों के लिए 42त्न पर वर्तमान डीए उनकी मासिक कमाई में 23,898 रुपये जोड़ता है। डीए में 46त्न की बढ़ोतरी के बाद यह मासिक भत्ता 26,174 रुपये तक हो जाएगा। इस हाई बेसिक सैलरी वाले कर्मचारियों को भी 4 महीने का भत्ता मिलेगा। इस तरह के कर्मचारी को अक्टूबर की सैलरी में कुल 4 महीने का भत्ता 9,104 रुपये मिलेगा।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने 60 कर्मचारियों को किया निलंबित

**मुंबई,18 अक्टूबर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने 60 से अधिक कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें से 11 एजीएम (सहायक महाप्रबंधक) हैं। एक बैंक कर्मचारी के अनुसार, एजीएम स्तर के अधिकारी स्केल पांच अधिकारी होते हैं जो आमतौर पर क्षेत्र प्रबंधकों, जोनल प्रमुखों और 25 से अधिक शाखा प्रमुखों की देखरेख करते हैं। यह मामला बैंक के बीओबी वर्ल्ड ऐप के ऑडिट से जुड़ा है। निलंबन पत्र में बैंक ने गंभीर अनियमितताओं की बात स्वीकार की है। सूत्रों के हवाले से इस संबंध में एक रिपोर्ट दी है। ऐसा कहा जाता है कि कुछ कर्मचारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान ग्राहक खाता नंबर फीड किए और फिर बीओबी वर्ल्ड ऐप में पंजीकरण-डी-पंजीकरण किया, यह सब ग्राहक की सहमति के बिना किया गया। बैंक ने कहा कि कुछ कर्मचारियों ने जो किया वह प्रथम दृष्टया कमीशन और चूक का मामला है, जिसके लिए विभागीय जांच की गई थी। विभागीय जांच के बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि दोषी कर्मचारियों को निलंबित करना उचित था। निलंबित किए गए ज्यादातर कर्मचारी बीओबी से हैं। बैंक अब इसी तरह की कार्रवाई लखनऊ, भोपाल, राजस्थान और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जोन में कर सकता है।




बैंक ने 11 एजीएम समेत 60 से ज्यादा कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। निलंबन के दौरान उन्हें केवल एक तिहाई वेतन मिलेगा। यदि बैंक उन्हें दोषी पाता है, तो उन्हें दंडात्मक पोस्टिंग मिल सकती है या उनकी नौकरी भी जा सकती है। एक निलंबित कर्मचारी ने कहा, अगर दोषी नहीं पाया गया तो बैंक निलंबन अवधि के लिए मुआवजा देगा।

# ईडी ने व्यापारियों के घरों से 90 लाख कैश, प्रॉपर्टी के दस्तावेज जब्त किए

**भिलाई,18 अक्टूबर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने दुर्ग और राजनांदगांव में 7 व्यापारियों के घरों में दबिश दी. लगभग 18 घंटे तक ईडी उनके घर और ऑफिस में दस्तावेज खंगालती रही. इस पूरी कार्रवाई में ईडी ने 90 लाख रुपये कैश, प्रॉपर्टी के दस्तावेज, मोबाइल और डिजिटल सबूत जब्त किए. पदुमनगर, नेहरु नगर और वैशाली नगर में प्रवर्तन निदेशालय की छापामार कार्रवाई मंगलवार सुबह से देर रात तक चली. पांच व्यापारियों के यहां से आधी रात को ईडी की टीम लौट गई, लेकिन चावल व्यापारी सुरेश कुकरेजा के यहां ईडी की टीम सुबह तक जांच करती रही. छापामार कार्रवाई के बाद ईडी चावल व्यापारी सुरेश कुकरेजा के बेटे अंशुल कुकरेजा को अपने साथ रायपुर स्थित कार्यालय ले गई, जहां उससे ईडी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं. इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े पटाखा व्यापारी सुरेश धिंगानी के घर भी ईडी देर रात तक जांच करती रही. जहां से 7 लाख रुपए नकद और प्रापर्टी के कई दस्तावेज, बैंक एकाउंट और दो मोबाइल जब्त किए. पदुमनगर स्थित धिंगानी के घर पर ईडी की कार्रवाई से उसके रिश्तेदार, दोस्त और पड़ोसी सन्न रह गए. बाकी के 6 व्यापारियों के घर से 90 लाख रुपए नकद जब्त किए.

# अडाणी पर 12 सौ करोड़ हड़पने का आरोप

**नई दिल्ली,18 अक्टूबर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से अडाणी समूह के बहाने सरकार पर निशाना साधा है। मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए राहुल ने अडाणी समूह पर कोयला आयात में बढ़ा चढ़ाकर बिल दिखाने और लोगों से 12,000 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अडाणी द्वारा कोयला आयात को महंगा दिखाए जाने के कारण आम लोगों को बिजली की अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।



सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आखिर सरकार अडाणी समूह के खिलाफ जांच क्यों नहीं कर रही है? इसके साथ ही राहुल ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार से उद्योगपति गौतम अडानी के साथ उनकी मुलाकात के बारे में नहीं पूछा क्योंकि शरद पवारजी भारत के प्रधान मंत्री नहीं हैं। वायनाड से सांसद ने साफ तौर पर कहा कि अगर शरद पवार प्रधानमंत्री होते और अडानी को बचाते, तो मैं शरद पवार से यह सवाल पूछ रहा होता। राहुल गांधी ने कहा कि पहले हमने 20 हजार करोड़ की बात की थी और सवाल पूछा था कि पैसा किसका है और कहां से आया है। अब पता चलता है कि 20 हजार करोड़ का आंकड़ा गलत था उसमें 12 हजार करोड़ और जुड़ गए हैं और कुल आंकड़ा 32 हजार करोड़ हो गया है। उन्होंने कहा कि अडानी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक वह हिंदूस्तान पहुंचता है उसके दाम दोगुना हो जाता है। ऐसे लगभग 12 हजार करोड़ रुपए अडानी ने हिंदूस्तान की जनता के जेब से निकाला है।

# हमास से ही भूलवश मिसफायर हुई थी गाजा के अस्पताल पर मिसाइल

**यरुसलम,18 अक्टूबर।** गाजा में अल-अहली अस्पताल पर घातक हमले के साथ इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के 11वें दिन में प्रवेश हो गया है, जिसमें कई लोगों की जान चली गई है। हालाँकि इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि हमला किसने करवाया, इज़राइल रक्षा बल और फ़िलिस्तीन एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन तेल अवीव की एक नियोजित यात्रा पर हैं, जहां वह प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। गाजा पट्टी में कम से कम 3,000 लोगों के मारे जाने के बाद, सभी की निगाहें मध्य पूर्वी राष्ट्र पर हैं। गाजा अल-अहली अस्पताल में विस्फोट के बाद, सैकड़ों लोगों की जान लेने वाले हमले की प्रकृति और जिम्मेदार पक्ष पर परस्पर विरोधी बातें सामने आई हैं।

इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने



हमास के गुर्गों की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग जारी की, जिसमें गाजा अस्पताल में विस्फोट के लिए जिम्मेदार रॉकेट के बारे में बात की गई है। इजरायल की तरफ से दावा किया गया कि हमास के गुर्गों के बीच 17 अक्टूबर, 2023 को अल-अहली बैपटिस्ट अस्पताल में असफल इस्लामिक जिहाद रॉकेट लॉन्च पर चर्चा हो रही है। ऑपरेटिव कहता सुनाई पर रहा है कि मैं आपको बता रहा हूं कि यह पहली बार है कि हमने किसी मिसाइल को इस तरह गिरते हुए देखा है। और इसीलिए हम कह रहे हैं कि यह फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद से संबंधित है। जिस पर अन्य ऑपरेटिव ने आश्चर्यचकित होते हुए उससे क्या में फिर से पूछा? जिसके जवाब में ऑपरेटिव कहता है वे कह रहे हैं कि यह फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद का है। फिर से दूसरी तरफ से पूछा जाता है कि क्या ये हमारा है। जवाब मिलता है लगता तो ऐसा ही है। बता दें कि जा के एक अस्पताल में हुए भीषण विस्फोट में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। इस अस्पताल में पहले से घायल मरीजों की भरमार थी और अन्य फलस्तीनी नागरिक भी यहां शरण लिए हुए थे। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। हमास ने इसे इजराइल का हवाई हमला बताया जबकि इजराइल की सेना ने आरोप लगाया कि फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा दागे गए रॉकेट के निशाना चूकने से यह विस्फोट हुआ। मंत्रालय ने बताया कि कम से कम 500 लोग मारे गए हैं।

# जान बचाने ब्लिंकन और नेतन्याहू बंकर की ओर भागे

**यरुसलम,18 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और राज्य सचिव एंटनी ब्लिंकन मीटिंग कर रहे थे तभी अचानक रॉकेट का सायरन बज उठा। इसके बाद कुछ समय के लिए दोनों को एक बंकर में शरण लेनी पड़ गई।

ब्लिंकन और नेतन्याहू वरिष्ठ इज़रायली अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे, तभी रॉकेट हमले की चेतावनी देने के लिए प्रधान मंत्री कार्यालय के पास सायरन बजने लगा। प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश विभाग के कर्मचारियों और पत्रकारों को भी सीढ़ी से नीचे उतारा गया जब तक कि सायरन बंद नहीं हो गया और आश्रय आदेश हटा नहीं लिया गया।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू और युद्ध कैबिनेट के साथ सचिव की बैठक के दौरान हवाई हमले के सायरन बज गए और वे पांच मिनट के लिए बंकर में छिप गए। बता दें कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडेन इजरायल के दौरे पर जाने वाले थे। इसके अलावा उनका जॉर्डन का दौरा भी था। लेकिन गाजा के अस्पताल पर रॉकेट हमले के बाद बाइडेन का दौरा प्रभावित हो गया। खबर है कि जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला, सीसी, अब्बास के साथ समिट को रद्द कर दिया है।

## एक नजर

### शारदीय नवरात्रि के चतुर्थ दिवस माँ कुष्मांडा की आराधना

**उतई, 18 अक्टूबर।** माँ दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप को कुष्मांडा कहते है, अपने मन्दस्मित हास से अंड और ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण ही ये कुष्मांडा नाम से कीर्तित हुई। अपने ईषत् हास्य से ब्रह्मांड का निर्माण करने के कारण ये सृष्टि की आदि शक्ति है ,इनके शरीर की कांति सूर्य के समान देदीप्यमान है। इनकी आठ भुजाएँ है, अतः इन्हें अष्टभुजा देवी भी कहते है। इनके दाहिने ओर के हाथो मे कमंडलु, धनुष, बाण तथा कमल सुशोभित है और बांये ओर के हाथों में अमृत कलस, जपमाला, गदा और चक्र है। इनके सिर पर स्वर्ण मुकुट और कानों में स्वर्ण आभूषण है, ये सिंह के ऊपर आरुढ़ है, इनकी उपासना नवरात्र के चतुर्थ दिवस की जाती है। माँ कुष्मांडा की उपासना से भक्तों की समस्त रोग शोक विनष्ट हो जाते है और आयु , यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है।

माँ कुष्मांडा ध्यान मंत्र
सुरासम्पूर्णकलशं, रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां, कुष्मांडा शुभदास्तु मे।।

### महिला प्रकोष्ठ ने बालिका दिवस मनाया



**भिलाई, 18 अक्टूबर।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर, भिलाई के महिला प्रकोष्ठ के द्वारा अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ श्रीमति अलका मेश्राम एवम बालिकाओं का स्वागत से हुआ, तत्पश्चात महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ रबिंदर छाबरा ने बताया कि किस प्रकार हम हर परिस्थिति में सकारात्मा चीजे ढूंढ सकते हैं। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ शिखा श्रीवास्तव ने समानता और डॉ मेरली रॉय ने आत्मसम्मान पर प्रकाश डाला । तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया डॉ अलका मेश्राम ने विधार्थी को आंतरिक व बाह्य शक्ति उजागर करने के लिए प्रोत्साहित किया और बताया की अपनी शक्तियों का अवलोकन करने का योग एवम ध्यान एक उचित माध्यम हैं । तत्पश्चात प्राचार्य महोदया ने समस्त छात्राओं को टॉफी वितरण किया, इस कार्यक्रम का मंच संचालन एवम् धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक कु. अत्रिका कोमा के द्वारा किया गया।

### धोखाधड़ी के मामले में जुर्म दर्ज

**भिलाई, 18 अक्टूबर।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत दूसरे की जमीन को अपना बता कर धोखाधड़ी करने के मामले में परिवाद दायर करने के बाद न्यायालय के आदेश पर जामुल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत कार्रवाई की है पुलिस ने बताया कि सड़क 29 सेक्टर 5 निवासी बीएसपी कर्मी आर के महाराणा ने दुर्ग न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था जिसमें न्यायालय ने जामुल निवासी संजय देशलहरे ने दूसरे की जमीन को अपना बताकर पीड़ित से इकरारनामा पर 10 लाख रुपए लिया पीड़ित लगातार संजय से संपर्क कर जमीन रजिस्ट्री को लेकर दबाव बनाया लेकिन आरोपी ने रजिस्ट्री न कराते हुए लगातार टाल मटोल करता रहा। पीड़ित से संजय देशलहरे ने स्वामित्व की भूमि बताकर ग्राम जामुल पटवारी हल्का नं. 13 को अपना बताया था। जिसका खसरा 266 का टुकड़ा रकबा 5000 वगर्फीट है। पीड़ित और संजय के मध्य जमीन को लेकर 20 लाख रूपये में सौदा तय हो गया। यह सौदा मई 2019 को हुआ और बयाना के रुप में पीड़ित ने 7 लाख रूपये आरटीजीएस, उसके बाद 3 लाख रूपए नगद संजय को दिया। संजय ने पीड़ित के साथ इकरारनामा भी कर लिया। चार वर्ष बीतने के बाद भी संजय देशलहरे जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराया। इसे लेकर कई बार पुलिस में शिकायत किया गया लेकिन अपराध दर्ज नहीं किया गया। परेशान होकर पीड़ित ने न्यायालय दुर्ग में परिवाद दायर कर अपनी शिकायत को बताया उसके बाद प्रथम न्यायाधीश ने जामुल पुलिस को आदेशित किया तब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया ।

### 96 पौवा शराब सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 18 अक्टूबर।** भिलाई लक्ष्मी नगर सुपेला में मधुरम ज्वेलर्स के पीछे अवैध रूप से शराब बेच रहे आरोपित मुकेश चौहान (25) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया है आरोपित से 96 पौवा शराब जब्त की गई है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा है आरोपित से जब्त शराब की कीमत नौ हजार 120 रुपये आकी गई है

# कांग्रेस प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी का जनसंपर्क जारी, गृहग्राम पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कबीरधाम, 18 अक्टूबर।** पंडरिया विधानसभा से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी बनाएं जाने के बाद पहली बार नीलकंठ चंद्रवंशी गांव घोरेवारा पहुंचे। वही कांग्रेस प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी का ग्रामीणों ने उनके निवास पर पहुंचने पर श्रीफल, साल एवं माला पहना करके आत्मीय स्वागत किया। साथ नीलकंठ चंद्रवंशी को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान नीलकंठ चंद्रवंशी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और प्रदेश के भूपेश सरकार द्वारा किए गए काम काज के बारे में चर्चा की गई और पंडरिया विधानसभा को एक नए दिशा में आगे कैसे बढ़ाया जाएं इस पर लोगों से राय भी लिया।इस दौरान भगरायटोला, पुखराज साहू, सुखनंदन , श्रीराम मरावी, रामु राम, राम दिन, चंदू , विजय मरकाम उपस्थित रहे। विधानसभा चुनाव का प्रचार प्रसार जिले में लगातार चल रहा है। इस प्रचार प्रसार में भी लगातार पंडरिया विधानसभा के अधिकृत प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी ने सतत जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया हैं और लगातार दौरा कर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जान रहे हैं। पंडरिया विधानसभा के कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी पंडरिया विकासखंड के ग्राम सोढहा और मोहगांव पहुंचे, जहां राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य महेश चंद्रवंशी से मुलाकात की। इस दौरान श्री चंद्रवंशी ने श्री चंद्रवंशी का साल देकर स्वागत किया वही पंडरिया विकासखंड के ग्राम पेंड्री पहुंचे, जहां पर ग्रामीणों ने जमकर आतिशबाजी कर पुष्पहार से स्वागत करते हुए नारेबाजी किया गया। ग्राम माकरी के हिंगलाज माई और अतरिया में मां कर्मा मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। वही ग्राम खुटा और दामापुर पहुंचकर जैतखाम की पूजा-अर्चना की। इस दौरान सरपंच जोन प्रभारी सहित सैकड़ों समर्थकों ने स्वागत किया। साथ ही मरका पहुंचकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओ से मुलाकात की।

## सुशासन और विकास भाजपा का मूल मंत्रःविजय शर्मा



**कवर्धा, 18 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा से विधानसभा प्रत्याशी विजय शर्मा ने व्यापक जनसंपर्क किया साथ ही नुक्कड़ सभा के माध्यम से ग्रामीणों को संबोधित किया . उन्होंने प्रत्याशी बनाये जाने के बाद जनता से मिल रहे व्यापक जनसमर्थन ,स्वागत एवं सहयोग के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से कहा कि भाजपा जुमलेबाजी पर विश्वास नहीं करते विकास करते है .सुशासन देते है और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक बिना भ्रस्टाचार योजनाओं को पहुचाते है । भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य में कई विकास योजना चलाकर सीधा लाभ देश के लाखों परिवारों को मुहैया करा रहे है । चाहे गरीबो को आवास देना हो या महिलाओं का सम्मान बचाने ओ डी एफ के माध्यम से शौचालय निर्माण कराना हो। किसानों को किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रत्येक वर्ष 6 हजार रूपये उनके खाते में सीधे पहुंचाना हो ये सभी योजनाये बिना लीकेज के आप तक पहुच रहा है । कांग्रेस ने इन 5 वर्षों में कवर्धा की जनता को केवल भय ,आतंक ,भ्रस्टाचार का माहौल दिया है। यह चुनाव विजय शर्मा नहीं कांग्रेस के विधायक के खिलाफ जनता की लड़ाई है। जनता ने इस विधानसभा चुनाव में लड़ाई लड़ने का संकल्प ले रखा है। आने वाले समय में कवर्धा के अंदर भय ,दबाव की राजनीति का अंत होगा इस दौरान विजय शर्मा ने बोटेसुर ,पवनतरा ,सुरुजपुरा ,बामी,धनगाव सहित दर्जनों ग्रामो में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा में जनता से रूबरू होकर अपने पक्ष में अपील की इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन ,भाजपा के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



उतई। एकता सरस्वती उत्सव एवं दुर्गोत्सव समिति आबादी पारा घुघसीडीह में विराजित मां नव दुर्गा।



कवर्धा। ग्राम पंचायत पोड़ी में मैया की मूर्ति विराजित

### पंडरिया से भाजपा से किसे मिलेगी टिकट, अभी तक सस्पेंस

**कवर्धा,18 अक्टूबर।** जिले की जनता दबी जुबान से चर्चा कर रही है आखिर पंडरिया से किसे मिलेगी भाजपा से टिकट अभी तक सस्पेंस बना हुआ है जिसकी चर्चा पान दुकान , होटलों और चौक चौराहे पर दिख रही है और समर्थको की राय अलग अलग दिख रही है और अलग अलग प्रत्याशियों और अधिकतर प्रत्याशियों के नामांकन खरीदने के कारण बहुकोणीय मुकाबला होगा जिसकी चर्चा है । कभी भी भाजपा टिकट तय कर

नामांकन



### मोहम्मद अकबर ने नामांकन दाखिल किया

**कवर्धा।** विधानसभा (क्षेत्र क्रमांक 72) से मोहम्मद अकबर (अकबर भाई) ने आज मंगलवार को विधानसभा सदस्य के लिए नामांकन (नाम-निर्देशन) फार्म प्रस्तुत किया। उन्होंने यह नामांकन फार्म कवर्धा रिटर्निंग आफिसर के कक्ष में प्रस्तुत किया। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से आज पहला नाम-निर्देशन पत्र दाखिल हुआ है। इस अवसर पर उनके चार प्रस्थापक उपस्थित थे।

## बाबा दरबार में 166 आस्था की ज्योति प्रज्वलित की गई

**उतई, 18 अक्टूबर।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 166 टोटल मनोकामनाएं ज्योति भक्तों द्वारा प्रज्वलित किया गया है दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विनय शर्मा द्वारा विधी विधान से पूजा पाठ करके घट स्थापना करके ज्योति प्रज्वलित किया गया इस बार दरबार में विदेशों के भक्तों द्वारा ज्योति प्रज्वलित किया गया है लंदन अमेरिका हरियाणा दिल्ली उड़ीसा नागपुर महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश एवं राजनांदगांव रायपुर बालोद धमतरी दुर्ग जिले के भक्तों द्वारा भी बड़ी संख्या में ज्योति जलवाया गया है 21अकटूबर शनिवार को रात्रि 7 बजे से जय मां चन्द्रहासनी सेवा एवं फाग परिवार कातलवाही धर्म नगरी डोंगरगढ़ के कलाकारों द्वारा माता सेवा एवं हर रोज रात्रि माता रानी की आरती के बाद रात्रि 7 बजे से गुलाब साहू जी एवं हेमंत तेली जस एवं भ़जन गायक के मंडली द्वारा माता सेवा का कार्य कम चल रहा है इस दरबार में एकम के दिन से ही दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगना शुरू हो चुका है इस ज्योति प्रज्ज्वलित में मुख्य रूप से दरबार के नंद पंडा मनोज पटेल गज्जू रायपुरीया बबलू साहू गुलाब साहू राजू यादव विनोद साहू जीवराखन ठेकेदार भोलू साहू चीन्टू साहू दिनेश साहू ओमकार साहू तोमन गजपाल दानू साहू एमलाल देवांगन कल्याण देवांगन बाबू लाल साहू ठेकेदार रुपलाल साहू चेतन साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच कुणाल साहू मारियल साहू गुमान टीकम साहू कुंज लाल साहू कुंभकरण पटेल एवं श्रीमती बबीता साहू ललीता यादव सुनीता साहू नीरा साहू अंजू देवांगन कौशिल्या सेन दशरी बाई पटेल टीकेशवरी साहू दुर्गा साहू लक्ष्मी साहू देवश्री साहू देवकी साहू हितेश पटेल संगीता सपरे कु पुजा साहू कु डिम्पल साहू कु वेदू साहू कु नेहा साहू कु सुरुचि छोटी कु रुक्मणी साहू पार्वती मंडलीन आदि भकतगन उपस्थित रहे यह जानकारी दरबार प्रति नीधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी ।



**भिलाई।** भिलाई बाइक से गांजा लेकर मरोदा जा रहे एक आरोपित को उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है उसके पास से दो किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया गया है आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है उतई टीआई कपिल देव पांडे ने बताया कि स्टेशन मरोदा शिवपारा निवासी आरोपित कामेश्वर साहू (31) अपनी बाइक से एक बोरी में गांजा लेकर मरोदा की ओर जा रहा था जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसे उतई में पकड़ा आरोपित से जब्त गांजा की कीमत 20 हजार और बाइक की कीमत 60 हजार रुपये आकी गई है ।

## रिश्तेदार बन बीएसपी कर्मी को किया फोन, खाते में पैसा जमा करने का झांसा देकर ठग लिए 40 हजार

**भिलाई।** दरअसल, भिलाई के एक बीएसपी कर्मी से रायपुर में 40 हजार की ऑनलाइन ठगी हो गई। कर्मचारी अपनी बेटी से मिलने के लिए आए थे। इसी दौरान उन्हें ठग ने रिश्तेदार बनकर फोन किया, उन्हें झांसा दिया कि उनका भांजा अस्पताल में भर्ती है। उसके पास पैसा छुड़वाना है। वह पैसे उनके खाते में जमा कर देगा, वे निकालकर अस्पताल में पहुंचा दें। इससे कर्मचारी झांसे में आ गए। उसके बाद ठग ने कर्मचारी से क्यूआर कोड मांगा। पैसा कर्मचारी के खाते में आना तो दूर उल्टे उनके खाते से अलग-अलग किश्त में पैसा निकाल लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भिलाई निवासी भरतलाल राण्डे बीएसपी में है, उनकी बेटी रायपुर में रहती है। बेटी से मिलने के लिए वे रायपुर आए थे। वे बेटी के साथ बैठे हुए थे। तभी अजीत सिंह नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने भरत से कहा कि वह उनके दूर का रिश्तेदार है। इसके बाद वह उनसे इधर-उधर की बातें करने लगा। फिर उसने कहा कि उसका भांजा रायपुर के अस्पताल में भर्ती है। उसे पैसों की जरूरत है। वह खाते में पैसा जमा कर देगा, जिसे अस्पताल में छोड़ना है। भरत झांसे में आ गए। उन्होंने क्यूआर कोड भेज दिया। खाते में 20 हजार जमा होने का मैसेज आया। कुछ देर बाद 40 हजार पार हो गया। पुलिस के अनुसार ठग ने खाते में पैसा जमा नहीं किया। उसने निकाल लिया। भरत ने खाता ब्लॉक करा दिया है। इसके साथ ही जांच भी शुरू कर दी गई है।

## विनोबा नगर चरोदा में दिनदहाड़े लाखों के जेवरात पार

**भिलाई।** चरोदा के विनोबा नगर के एक मकान में मकान मालकिन के घर रहते समय ही चोरी हो गई। घर पर अकेली महिला टीवी देखते-देखते सो गई और इस दौरान चोर घर में घुसे। जब चोरों के मौजूदगी की आहट हुई तो महिला ने देखा भी और डर के मारे दूसरे कमरे में छिप गई। जब चोर चले गए तो महिला ने अपनी सास को फोन लगाया और बेडरूम में जाकर देखा तो अलमारी से लाखों के जेवर पार हो गए। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे में किसी की भी संदिग्ध गतिविधि नजर नहीं आने से पुलिस के लिए आरोपियों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण बन गई है। जानकारी के अनुसार विनोबा नगर चरोदा काली मंदिर के पास रहने वाली 25 वर्षीय कंचन पाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह सेक्टर.9 मेन अस्पताल में अटेंडेंट नर्स के पद पर काम करती है।

### भिलाई के वृद्धजनों ने लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प



**भिलाईनगर ।** मतदाता जागरूकता अभियान के तीसरे दिवस नवरात्र के नौ संकल्प अंतर्गत निगम भिलाई क्षेत्र के सियान सदन, वृद्धा आश्रम सहित विभिन्न क्षेत्रो में वृद्धजनो ने सियान संकल्प के तहत 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में शत् प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया।आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अभियान के तीसरे दिवस निगम के सियान सदन, वृद्धा आश्रम सहित विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धजनो ने मतदान का संकल्प लिया । सियान सदन नेहरू नगर, हुड़को, प्रियदर्शिनी परिसर,आस्था वृद्धा आश्रम सेक्टर 2 एवं 8 तथा सभी जोन क्षेत्रों में नवरात्र के नौ संकल्प में सियानो ने शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया।

## हरहुना प्रजाति की धान की कटाई में आई तेजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 18 अक्टूबर। अंचल में इन दोनों हरहूना प्रजाति कि धान की कटाई जोर-शोर से चालू हो गया है बता दे की मौसम के खुलते ही धान की कटाई चालू कर दिया है । जो परंपरागत रूप से मजदूरों द्वारा हंसिया से धान की कटाई कर रहे हैं। वही इस साल धान की अच्छा फसल होने की वजह से किसानों के फसल में किट प्रकोप कम ही देखने को मिला है जिस वजह से किसान अपनी फसल को लेकर खुश है और दिवाली के पहले लगभग 50 प्रतिशत फसल कट जायेगा साथ ही किसानों को अच्छे दाम को लेकर किसानों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है नहीं तो हमेशा से किसान



धान की फसलों में लगने वाले कीट प्रकोप से परेशान होते थे पर इस साल कीट प्रकोप कम होने का फायदा किसानों को मिलेगा इस प्रकार अर्ली प्रजाति का यह धान, कम समय में कम लागत में अच्छा पैदावार देता है। अंचल के सभी गांव में लगभग देखा जाए तो कटाई प्रारंभ हो चुका है तथा अभी जमीन गीला होने के कारण मशीन से कटाई में आसानी नही होगी पर इससे पहले अंदर के खेतो में पके हुए फसलों को मजदूरों के माध्यम से कटाई की जा रही है।

## एक नजर

### 4157 निजी संपत्ति से टीम ने हटाए बैनर,पोस्टर



**राजनांदगांव 18 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के घोषणा के उपरांत आदर्श आचरण संहिता के दौरान सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदशन में जिले में संपत्ति विरूपण के लिए गठित टीम द्वारा 8555 सार्वजनिक संपत्ति एवं 4157 निजी संपत्ति पर वाल राईटिंग, पोस्टर, बैनर सहित अन्य प्रचार सामग्री को हटाया गया। सार्वजनिक संपत्ति अंतर्गत टीम द्वारा 2847 वाल राईटिंग, 3233 पोस्टर, 1151 बैनर, 1324 अन्य प्रचार सामग्री पर संपत्ति विरूपण की कार्रवाई की गई। निजी संपत्ति अंतर्गत टीम द्वारा 1691 वाल राईटिंग, 1032 पोस्टर, 389 बैनर, 1045 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई।

### खुज्जी विधानसाभ में परम्परा बन गई है कार्यकर्ताओं का उपेक्षा

**छूरिया18 अक्टूबर।** खुज्जी विधानसाभ क्षेत्र क्रमांक 77 मे आज खुज्जी से कांग्रेस प्रत्याशी भोलाराम साहू का नामांकन दाखिल है और कार्यकर्ताओ के लिए गाड़ी की कोई सुविधा नही गाड़ी सिर्फ कूछ चुनिंदा लोगो के लिए ही उपलब्ध है जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओ मे भारी नाराजगी देखी जा रही गाड़ी गूड मे जैसे मक्खी वालो को बताया जाता है अगर कार्यकर्ताओ का अपेक्षा पिछ्ले समय होते आया वैसा ही महोल अगर रहा तो लोकसभा की पूर्ववर्ती परीणाम से इंकार नही किया जा सकता दबे कुचले मान सम्मान से वंचित लोगो लोगो की पूछ-परख बहूत मायने रखता है इस विधानसाभ चूनाव मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ को आखिरकार कब तक मान सम्मान से दूर रखेगे चाटुकार लोगा क्या इन सब चीजो और बातो से आनजान है वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी सबको एकजुट कर सबको साथ मिलकर चुनावी रणभूमि में उतरने की जरूरत चाटुकार मतलब परस्त लोगों से सावधानीपूर्वक निपटने की आति अवश्कता।

### सीनियर नेशनल कुराश व वर्ल्ड चैंपियनशिप सिलेक्शन 20 से 22 अक्टूबर भाटापारा में

**भाटापारा 18 अक्टूबर।** कुराश एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विवेकराज सिंह ने बताया की भारतीय कुराश महासंघ के द्वारा 12वी सीनियर नेशनल कुराश सह वर्ल्ड चैंपियनशिप तुर्कीमेनिस्तान के लिए भारतीय कुराश दल की चयन प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष कुराश एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ को दिया गया है जिसमे लगभग 20 राज्यों के 250 से अधिक खिलाड़ी व कोच मैनेजर शामिल होंगे यह प्रतियोगिता माहेश्वरी भवन भाटापारा मे 20 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक सम्पन होगा बता दे की यह खेल एशियान गेम्स मे शामिल है जो की जूड़ो और कुश्ती की तरह खेला जाता है भाटापारा के 2 खिलाड़ी एवं छत्तीसगढ़ से कुल 4 खिलाड़ी इस खेल मे अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके है यह खेल स्कूल गेम्स मे भी विगत 8 वर्षो से सम्मिलित है जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम हर वर्ष भाग लेती है।

### क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर और मो. शमी बने एनर्जी ड्रिंक के ब्रांड एंबेसडर

**रायपुर 18 अक्टूबर।** क्रिकेट के लिए बेशुमार दीवानगी वाले देश में क्रिकेट के त्यौहार को सेलिब्रेट करने के लिए, भारत में सबसे प्रसिद्ध एनर्जी ड्रिंक ब्रांडों में से एक और कैन सेगमेंट में बाजार में अग्रणी हेल एनर्जी ने शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी को अपने क्रिकेट स्पेशल ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया। इस जोड़ी ने अपना लिमिटेड एडिशन पैकेज्ड एनर्जी ड्रिंक, हेल क्रिकेट क्रेजी लॉन्च किया। शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी दोनों भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं जो खेल के सभी प्रारूपों में भारत के लिए खेलते हैं। अलग अलग स्पोर्ट्स इवेंट को बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिए अपनी कंज्यूमर कनेक्ट स्ट्रेटजी के अनुरूप, हेल एनर्जी ने कई साल पहले जब अपना अंतरराष्ट्रीय विस्तार शुरू किया था तब ञ्ज×ञ्ज विलियम्स फॉर्मूला वन टीम को को स्पॉन्सर किया था। हेल ने लिमिटेड एडिशन हेल फुटबॉल फैटिक ड्रिंक लॉन्च करके फुटबॉल के प्रति अपने निर्विवाद प्रेम को भी दिखाया था, जिसमें फुटबॉलर डिजाइन एल्युमिनियम के कैंपेन पर हेल एनर्जी इंडिया के कंट्री हेड, श्री उन्नीकनन गंगाधरन ने कहा, ÷हेल एनर्जी एक ऐसा ब्रांड है जिसने अलग अलग पार्टनरशिप से खेलों को लगातार समर्थन दिया है और अपने गहरे जुड़ाव के लिए कई लोगों से जुड़ा हुआ है।

# ट्रैक्टर हटाने की मामूली बात पर मारपीट करने वाले एक ही परिवार के 5 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 18 अक्टूबर।** प्रार्थी विसेलाल टंडन पिता राम सिंह टंडन उम्र 45 वर्ष ग्राम तुरमा ने थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 22.06.2023 को शाम लगभग 7ः00 बजे ग्राम तुरमा में पंचर दुकान के सामने वह आपने ट्रैक्टर के चक्का का डिस्क को बदलवा रहा था एवं मो. सा. पर बैठा था। तभी उसके गांव का परदेसी साहू का छोटा लड़का ट्रैक्टर को हटाने के लिए बोला, तो थोड़ा रुकने के लिए बोला। इतने में वह ट्रैक्टर को चालू कर उसके मोटरसाइकिल को ठोक दिया और लोहे के राड से मारपीट किया, फिर अपने परिवार के अन्य लोगों परदेसी साहू, सोनू साहू, जागेश्वर साहू, परमेश्वर साहू को बुला लिया और सभी मिलकर एक राय होकर मां-बहन की गंदी-गंदी एवं जातिगत गाली गलौज कर जान से



मारने की धमकी देकर मारपीट किए। रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा के निर्देशन में श्रीमान अति0पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचना कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में घटना में शामिल सभी पांचो आरोपीगण का पता तलाश पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त लोहे के पाइप एवं ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 16/10/2023 को माननीय विशेष न्यायालय न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है।

### महुआ शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भटापारा श्री दीपक कुमार झा, द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के पालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव, एवं स्ष्ठह्रक्कभाटापारा श्री आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है कि दिनांक 16.10.2023 को दौरान पेट्रोलिंग सूचना मिल की ग्राम करही निवासी नेतराम कुर्रे गांव के प्रवेश द्वार के पास एक बोरी में महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के ग्राम करही में रेड कार्यवाही की गई जंहा आरोपी नेतराम कुर्रे पिता नंद राम कुर्रे उम्र 27 वर्ष साकिन करही थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार के कब्जे से एक सफेद रंग के बोरी में 01-01 लीटर का 10 नग प्लास्टिक के पाउच में हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 2000 रुपये को अवैध रूप से बिक्री हेतु रखा पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 197/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश करने रवाना किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नकुल सिंह, ठाकुर, सउनि पवन कुमार सिन्हा, आरक्षक 432 सहदेव पटेल, 774 शांतनु डहरिया शामिल थे।

# नगर निगम ने की दुर्गा विसर्जन के लिए व्यापक व्यवस्था

■ मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई के आयुक्त ने दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 अक्टूबर।** नगर निगम द्वारा दुर्गा विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिये निगम के अधिकारियो कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है तथा मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई करायी जा रही है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि दुर्गा विसर्जन पर्व पर मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। जिसके लिये कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके (मो.न. 98271-18810) को नोडल अधिकारी तथा सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही सभी उप अभियंताओं को अलग अलग प्रभार सौपा गया है। शहर के सभी प्रतिमाओं की विसर्जन के लिये मोहारा स्थित विसर्जन कुंड की सफाई कराने आयुक्त श्री गुप्ता ने नोडल अधिकारी श्री रामटेके को निर्देश दिये है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि 23 व 24 अक्टूबर को दुर्गा विसर्जन के लिये मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुण्ड में विसर्जन कराये जाने प्रकाश व्यवस्था,मूर्ति विसर्जन के लिये क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। विर्सजन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा समाग्री, फूल, कपडे, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने दिनांक 23 अक्टूबर 2023 के लिये प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम (मो.नं. 93016-70006) को एवं दिनांक 24 अक्टूबर 2023 के लिये सहायक अभियंता श्री दीपक अग्रवाल (मो.नं. 70004-25234) को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है तथा रानी सागर,सर्किट हाऊस के पास व नंदई चौक में मूर्ति लाने लेजाने के लिये वाहन की व्यवस्था की जा रही है इन सबके लिये उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है। साथ ही मोहारा रोड एवं मुख्य मार्गो में विद्युत व्यवस्था प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम (मो.नं. 93016-70006) को, कंट्रोल रूम का दायित्व प्र.सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को एवं मुख्य चौक चौराहो में टैंकर उपलब्ध कराने मोटर प्रतिपालन प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक श्री सुरेन्द्र साव (मों. नं. 94255-64327) को दायित्व सौपा गया है। इसके अलावा प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा (मो.नं. 93039-47901) सहित उनकी टीम को शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रो में विशेष साफ सफाई व्यवस्था एवं शहर के भीतरी इलाकों में घुमने वाले आवारा पशुओं को पकडने तथा विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकडने आदि का दायित्व सौपा गया है। उपरोक्त सभी अधिकारी कर्मचारी सौपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वाहन करेंगे एवं उच्च अधिकारी को पालन प्रतिवेदन देगे।

### एसपी ने डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मेला ड्यूटी में लगे बल एवं रूट का किया मुआयना



**राजनांदगांव 18 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा विभिन्न थाना चौकियों का किया दौरा। भ्रमण के दौरान आगामी विधान सभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने हेतु बॉर्डर थाना सोमनी, बोरतलाव, बागनदी, छुरिया एवं डोंगरगांव का भ्रमण कर थाना बिल्डिंग, बैरक, शस्त्रागार, मालखाना, मोर्चा आदि का किया गया निरीक्षण एवं थाने में पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछ कर निदान हेतु आश्वासन दिया गया और आगामी विधानसभा चुनाव शांति एवं निष्पक्ष रूप सम्पन्न कराने हेतु बॉर्डर एरिया सील करने एवं जिले के बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग करने एवं आपराधिक गतिविधियों के साथ साथ नक्सल आसूचना संकलन करने का भी दिया गया निर्देश। थाना प्रभारियों को सरहदी थानों से समन्वय स्थापित कर नक्सल ऑपरेशन को तेज करने कहा गया।

### भाजपा प्रत्याशी चैतराम अटामी ने समलूर व कारली में किया जनसंपर्क



**दंतेवाड़ा 19 अक्टूबर।** दंतेवाड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी चैतराम अटामी लगातार अपनी टीम के साथ गांव गांव तक पहुंच ग्रामीणों से संपर्क कर रहे है इसी तारतम्य में वे आज अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत गीदम विकासखंड के समलूर व कारली पहुंचे जहा उन्होंने ग्रामीणों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने चैतराम अटामी को भाजपा उम्मीदवार बनाये जाने पर बधाई दी और पूर्ण समर्थन होने का आश्वाशन दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने ग्रामीणों से बातचीत में कहा में आप लोगो के बीच का ही एक भाजपा का सिपाही हु साधारण बूथ स्तर के कार्यकर्ता से भाजपा का जिलाध्यक्ष बना और अब पार्टी ने मुझे विधानसभा चुनाव में बतौर प्रत्याशी बनाकर विश्वास जताते हुए मैदान में उतारा है। श्री अटामी ने कहा की में किसी राजनीतिक या रसूखदार परिवार से नहीं आता हु फिर भी जो उम्मीद जो विश्वास हमारी पार्टी ने मुझपर जताया है उसके लिये सदैव में भारतीय जनता पार्टी के एक एक देवतुल्य कार्यकर्ता का आभारी रहूँगा। श्री अटामी ने कहा की मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष बनाना और विधानसभा चुनाव में टिकट देकर प्रत्याशी बनाना ये सब भाजपा में ही संभव है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# प्रदेश के दैनिक वेतनभोमियों को भाजपा के घोषणापत्र का बेसब्री से इंतजार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 का बिगुल बज चुका है और छत्तीसगढ़ में सभी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए जोर आजमाइश कर रही है और पिछले चुनावों की भांति मतदाताओं को लुभाने तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। मतदाताओं को लुभाने घोषणा पत्र के माध्यम से भी कई तरह के लोकलुभावन घोषणा पत्र वादे करते हैं और सरकार बनने पर अपनी पार्टी द्वारा किए गए वादों को पूरी तरह भुला दिया जाता है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी द्वारा भी सभी विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी, संविदा कर्मचारी, सहित प्रदेश के सभी विभागों कार्यरत अनियमित कर्मचारीयों को नियमितीकरण करने का वादा किया था और किसी भी दैनिक वेतन भोगियों की छंटनी नहीं करने का वादा हाथ में गंगाजल लेकर किया था। आज पूरे पांच साल बीत चुके किसी भी दैनिक वेतन भोगियों का नियमितीकरण का लाभ नहीं मिला उसके विपरीत विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों को बजट का हवाला देकर सैकड़ों दैनिक वेतन भोगी कार्य से बंद कर दिया गया है। इसी से नाराज़ होकर प्रदेशभर के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कांग्रेस पार्टी से विश्वास उठ चुका है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी कहते रहे हैं कि स्थानीय प्रत्याशी को देखकर मतदान न करें भूपेश सरकार को देखकर मतदान करें। लेकिन सवाल यह उठता है कि दैनिक वेतन भोगी भूपेश सरकार पर किस कार्य पर विश्वास कर कांग्रेस पार्टी को समर्थन दे क्योंकि छत्तीसगढ़ सरकार से दैनिक वेतन भोगियों का विश्वास उठ चुका है और छत्तीसगढ़ के मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा के घोषणा पत्र जारी होने का बेसब्री से इंतजार कर रही है ताकि प्रदेश भर के सभी विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों का नियमितीकरण हो सके।



# कलेक्टर ने वेयर हाउस और स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 18 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के लिए कलेक्टोरेट स्थित वेयर हाउस और कृषि उपज मंडी राजनांदगांव में स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी, मत पेटी वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईवीएम और वीवीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने बैरीकेटिंग, गाडियों की पार्किंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करने, वितरण तथा गणना के दिन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्री अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री अमीय श्रीवास्तव, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री राजेश साहू, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि श्री रघुवीर वाधवा, श्री अरूण शुक्ला, श्री विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# एक्स एनजीओ की टीम के फिरोज नवाब,प्रदीप गुप्ता ने सुदूर जंगल के अंदर बैल की बचाई जान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 18 अक्टूबर।** लौह नगरी बचेली में मूक प्राणियों के अनेकाएक दुर्घटना का बाढ़ सा गया है जैसा कि विगत दिनों पूर्व एक गौ वंश को 30 फीट गहरी नाली से निकाला गया था आज बचेली से 3 किलोमीटर दूर जोगा पारा के अंदर एक घने जंगल में एक नंदी को मार्केट के रहने वाले व्यापारी विद्युत मंडल ने देखा और पास जाकर देखने पे उसे मालूम हुआ कि उस घने जंगल में जंगली सुवर बहुतायत में पाए जाते है और आसपास के रहवासी उस जगह पे जंगली सुवर के शिआर के लिए कलच वायर का उपयोग कर फंदा लगा कर शिकार करते है और उसी फंदे में उस गौ वंश का फस जाने के बाद उसे निकालना मुश्किल हो रहा था और लगभग 20 दिनों तक आसपास का घास खाकर और पास ही नाला का पानी पीकर बेहद कष्ट में रह रहा था

जब उसका खबर बचेली के जनसेवक फिरोज नवाब और गौ सेवक प्रदीप गुप्ता को लगा तो सुबह तड़के ही उक्त स्थल पे पहुंच कर जायजा लिया उसके बाद रेस्क्यू का कार्य किया गया



जिसमे बचेली के सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरीश शर्मा समाजसेवी विशाल शर्मा तरुण कोर्राम बंटी के साथ वेटनरी से लक्ष्मीनाथ और शंकर सिंह का पूरा साथ मिला और सभी के सहयोग के उस भारी भरकम गौ वंश का इलाज किया गया और उस नंदी का पैर के इन्फेक्शन से जान जाने का खतरा को खत्म किया गया

इस तरह से बचेली के एक्स एनजीओ मूक प्राणियों के लिए वरदान साबित हो रहा है एक्स एनजीओ के संस्थापक श्रीमती गीतांजलि सरकार के अगुवाई पे लगातार मूक प्राणी के हित में कार्य किया जा रहा है गौ सेवक फिरोज नवाब प्रदीप गुप्ता अरुणा टंडन योमेश साहू बंटी और तरुण कोराम हरीश शर्मा विशाल शर्मा का सभी ने आभार व्यक्त किया।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारतीय नौसेना के साथ हाथ मिलाया

**रायपुर 18 अक्टूबर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारतीय नौसेना के पूर्वी कमान द्वारा आयोजित ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव %द ईस्टर्न आर्क में अपनी भागीदारी की घोषणा की फ्लीट ड्राइव की शुरुआत हो गई है जो अगले 12 दिनों में, 17 शहरों को कवर करते हुए और भारत के पूर्वी तट पर दो रेडियल मार्गों और समूहों के साथ लगभग 6000 किलोमीटर की कुल दूरी तय करेगी। इस महत्वपूर्ण ड्राइव को झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए विशाखापत्तनम में नौसेना के डॉकयार्ड में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मौके पर वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर, प्रमुख फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, पूर्वी नौसेना कमान के साथ टीकेएम के प्रतिनिधि श्री अतुल सूद, वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग की गरिमामयी उपस्थिति थी। भारतीय नौसेना के अच्छे उद्देश्य का समर्थन करने के लिये टीकेएम ने चार हाइलक्स और तीन फॉर्च्यूनर मॉडल सहित सात वाहनों के बेड़े के साथ आवश्यक सहायता प्रदान की है। इसका उपयोग विभिन्न दूरदराज के स्थानों में चुनौतीपूर्ण इलाकों और ऊबड़-खाबड़ ऑफ-रोड मार्गों को पार करने के लिए किया जाएगा। यह ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव टोयोटा वाहनों के साथ भारत के पूर्वी क्षेत्र के विविध और जीवंत परिदृश्यों के माध्यम से अपनी उल्लेखनीय यात्रा पर निकली है।

### छत्तीसगढ़ महतारी का चरण सेवक बनकर भूपेश बघेल ने लूटाः संजय श्रीवास्तव

**रायपुर 18 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि खुद को छत्तीसगढ़ का बेटा बताने और छत्तीसढिया स्वाभिमान की बात कहने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का असली चेहरा सामने आ गया है। छत्तीसगढ़ महतारी का चरण सेवक बनकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दोनों हाथों से लूटा। लूट के करोड़ों-अरबों रुपयों से दिल्ली के खजाने को भरते रहे। यानी छत्तीसगढ़ को एटीएम बना दिया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पाताल से लेकर आकाश तक घोटाले कर रिकार्ड बनाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उसके मंत्री और विधायक अब फिर से छत्तीसगढ़ की जनता को केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर लोगों को गुमराह करने में लगे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता के सर से छत छीनने वाली भूपेश सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। भोले भाले किसानों को धान खरीदी मामले में गुमराह कर वाहवाही लूटने वाली भूपेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में दो सालों का बोनस आज तक क्यों नहीं दिया? आज छत्तीसगढ़ की अन्नदाता किसान भूपेश बघेल से पूछता है कि कांग्रेस के पांच साल में उन्होंने क्या दिया? छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को पंप का कनेक्शन क्यों नहीं दिया? दस लाख युवाओं को रोजगार देने और बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी उसका क्या हुआ? कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते हुए भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में सुशासन देने और विकास पर फोकस करने के अलावा छत्तीसगढ़ की माताओं - बहनों से हाथों में गंगाजल लेकर प्रदेश में पूर्णतः शराबबंदी करने का भरोसा दिलाते वोट मांगा था। फिर शराब बंद क्यों नही की?

# छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल दन्तेवाड़ा के फिर जिलाध्यक्ष बने बिप्लव मलिक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल/ दंतेवाड़ा 18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन ने चुनावी माह में अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों के नव नियुक्ति जिलाअध्यक्षों की नियुक्ति की है जिसके तहत बिप्लब मलिक को उनके अच्छे कार्यों के लिए फिर दंतेवाड़ा जिले स्पोर्ट्स सेल के जिलाध्यक्ष बनाया गया विप्लव शहीद महेंद्र कर्मा और कर्मा परिवार के बहुत ही करीबी माने जाते है वर्तमान में क्षेत्रीय विधायक देवती कर्मा जिला पंचायत



अध्यक्ष तूलिका कर्मा कांग्रेस के दंतेवाड़ा विधायक प्रत्यासी छविंद्र कर्मा के बेहद करीबियों में आते हैं पार्टी के प्रति उनकी इमानदारी एवं सक्रियता उनके कार्यशैली को देखते हुए पार्टी आलाकमान ने उन्हें स्पोर्ट्स सेल का फिर से जिला अध्यक्ष बनाकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है विप्लव मल्लिक के द्वारा पिछले वर्ष किरंदुल में दंतेवाड़ा जिले के 500 खिलाड़ियों दंतेवाड़ा जिले के अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पांच सौ खिलाड़ियों का सम्मान बस्तर सांसद दीपक बेच एवं दंतेवाड़ा विधायक देवती कर्मा के हाथों किया गया था स्पोर्ट्स सेल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विप्लव ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दिया है इस जिम्मेदारी को निभाते हुए संगठन के सभी वर्गों को समाहित कर एक पखवारे में जिला कार्यकारिणी की सूची प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रस्तुत करूंगा साथ ही हमारे नेता राहुल गांधी हमारे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप कांग्रेस पार्टी की नीति रीती एवं सिद्धांतों का पालन करते हुए खेलकूद से जुड़े युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए तत्परता पूर्ण कार्य करने व यहाँ की गतिविधियों से प्रदेश कार्यालय को अवगत कराऊंगा दंतेवाड़ा जिले के खिलाड़ियों की हरसंभव मदद कर शासन की योजनाओं को उन तक पहुंचाऊंगा जिस से दंतेवाड़ा जिले के साथ छत्तीसगढ़ का नाम हमारे यहां के खिलाड़ी देश विदेश में कर सके

मैं हमारे प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम स्पोर्ट्स सेल प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण जैन हमारी विधायक देवती महेंद्र कर्मा ,जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम , जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, छत्तीसगढ़ औषधि बोर्ड के उपाध्यक्ष छविंद्र कर्मा ,जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, मृणाल राय , ए के सिंह , जोविन पापचंद ,तपन दास,राकेश लाल सभी का तहे दिल से आभारी हूं एवं उनके उम्मीदों पर पूरे निष्ठा से पार्टी के प्रति कार्य करूंगा।

संपादकीय

# हिंसा के मूल में गुस्सा,नफरत

हर देश के संत,महात्मा,विचारक,लेखक यह सदियों से बताते रहे हैं कि हिंसा के मूल में गुस्सा व नफरत ही होती है। यदि मनुष्य के मन में किसी के प्रति किसी कारण से गुस्सा न हो,नफरत न हो तो उसके हिंसा करने का कोई कारण नहीं हैं। गुस्सा किसी भी कारण से हो सकता है। गुस्सा जब स्थायी रूप से रह जाता है तो वह नफरत में बदल जात है। यह बात व्यक्ति, समाज से लेकर देश तक में लागू होती है।व्यक्ति से लेकर देश तक की दुश्मनी इसी गुस्से व नफरत के कारण होती है। जो व्यक्ति, जो समाज व जो देश इस गुस्से व नफरत को नियंत्रित कर पाते हैं, वहां शांति होती है, वहां हिंसा कम होती है। खासकर हजारों लोगों के मरने वाली हिंसा नहीं होती है। समाज व्यक्ति से बनता है, समाज से देश बनता है, इसलिए जो समाज गुस्से व नफरत को नियंत्रित, उसके परिणाम पर विचार कर सकता है,वह व्यापक हिसा यानी युध्द जैसी घटना बच सकता है। कई बार कोई देश हिंसा से बचना चाहता है तो भी वह बच नहीं सकता है क्योंकि एक देश या कोई आतंकी संगठन ऐसी हिंसा करता है कि दूसरे देश को भी जवाब में हिंसा करनी पड़ती है। यह आत्मरक्षा मे ंकी गई हिंसा होती है। यह देश पर की गई हिंसा का जवाब होती है कि तुम हिंसा करोगे तो जवाब में हिंसा का सामना करना पड़ेगा। हमास के आतंकी हमले का जवाब इजराइल दे रहा है। हिंसा की शुरुआत हमास ने की है। तो इजराइल के हमले का जवाब तो देगा ही। यह स्वाभाविक है,सभी देश ऐसा करते हैं। इजराइल का मकसद फिलस्तीनी लोगों पर हिंसा करना नहीं है,उसकी हिंसा फिलस्तीन लोगों के खिालफ नहीं है। उसकी हिंसा तो हमास को समाप्त करने के लिए है। हमास के ठिकानों,नेटवर्क,हमास के आतंकियों को नष्ट करना है। इजराइल गाजा पर बम गिरा रहा है तो हमास के ठिकानों पर गिरा रहा है। इस दौरान फिल्सतीन मारे जा रहे है तो इसलिए कि हमास ने अपने ठिकाने ही ऐसी जगहों पर बनाए हैं जहां आबादी है, सामान्य लोग रहते हैं। हमास पर बमबारी होगी तो सामान्य लोग भी मरेंगे, इसे यह नहीं कहा जा सकता कि इजराइल आम नागरिकों को मार रहा है। इजराइल को आम नागरिकों को मारना होता है तो मरने वालों की संख्या एक दो हजार नहीं, एक से दो लाख होती। इजराइल बम गिरा रहा है तो वह हमास के ठिकानों पर गिरा रहा है, आम लोगों की मौत न हो इसका ध्यान रखकर गिरा रहा है। इजराइल जानता है कि बमबारी होगी, सैन्य हमला तो आम लोग भी मारे जाएंगे, इसलिए उसने फिल्सतीनी लोगो गाजा खाली कर दूसरी जगह जाने के लिए समय दिया ताकि गाजा में जमीनी हमला कर हमास के आंतकियों को सपाया किया जा सके। आतंकियों के सफाए के नाम पर मारा कौन जाएगा, फिलस्तीनी ही मारे जाएंगे। क्योंकि हमास के नेता तो फिलस्तीन में रहते नहीं है। वह तो विदेशों में रहते हैं। इस्लाम की रक्षा के लिए लड़ने के नाम पर गरीब मुसलमानों को लड़ने के लिए तैयार करते रहते हैं। इसके लिए जमीन तैयार तब होती है। जब किसी देश में गरीबी होती, धार्मिक कटटरता होती है तथा इस्लाम के दुश्मनों के लिए नफरत होती है। हिंसा के लिए, आतंकवादी हिंसा के लिए, युध्द के लिए गरीबी,नफरत और धामिईक कट्टरता किसी देश में होती है तो उस देश में हिंसा की घटनाए होती रहती है। आतंकवादी संगटन, उग्रवादी संगठन, कट्टर धार्मिक संगठन इस तरह की हिंसा के लिए दोषी होते हैं। फिलस्तीन में गरीबी है, धार्मिक कट्टरता है और यहूदियों के प्रति नफरत भी है। यह नफरत सदियों पुरानी है। जब नफरत सदियों पुरानी हो जाती है तो वह धार्मिक तौर पर कट्टर देशों को, उनके नेताओं को जरूरी लगती है। उनको लगता है कि यह नफरत जरूरी है इस देश के अस्तित्व के लिए। फिलस्तीन इस दुनियां कोई अकेला देश नहीं है जहां यहुदियों के नफरत को जरूरी माना जाता है।और भी कई देश हैं जहां नफरत को जरूरी माना जाता है, इसी आधार पर राजनीति की जाती है।

# मुंबई-गोवा महामार्ग पर जानलेवा गड्ढों की भरमार

समस्या

निर्मल रानी



**गोवा में दो हवाई अड्डे तथा रेल की लगभग पूरे भारत से कनेक्टिविटी बेशक दूर दराज़ के पर्यटकों को गोवा पहुँचने में महत्वपूर्ण है। परन्तु गोवा मुंबई सड़क मार्ग की अनदेखी हरगिज़ नहीं की जा सकती। तमाम स्थानीय व बाहरी लोग भी ऐसे हैं जो मुंबई -गोवा महामार्ग से चलकर ही गोवा जाना चाहते हैं।**

जब कभी स्थानीय मार्गों,महामार्गों या राज मार्गों पर गड्ढों की या उनके क्षतिग्रस्त होने की बात होती थी तो पहला नाम बिहार राज्य की सड़कों का आता था। परन्तु पिछले एक दशक से बिहार ने ख़राब व गड्ढेदार सड़कों का कलंक अपने माथे से लगभग मिटा दिया है। हालाँकि बिहार में भी मुख्य मार्गों से अलग हटकर शहरी या देहाती क्षेत्रों में अभी भी तमाम गड्ढेदार सड़कें मिल जाएँगी। परन्तु निश्चित रूप से बिहार, सड़क बिजली व पानी जैसी जिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव का कलंक दशकों से ढोता आ रहा था उससे अब यह राज्य उबर चुका है। बात जब भी ख़राब सड़कों की होती है तो इसकी ज़िम्मेदारी सबसे पहले भ्रष्ट व्यवस्था को दी जाती है। और यह आरोप पूर्णतयः सच भी है कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी अधिकांश योजनायें व इसके अंतर्गत होने वाले कोई भी निर्माण समय पूर्व ही क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। यहाँ तक कि कई निर्माण तो पूरा होने के पहले ही क्षतिग्रस्त होने लग जाते हैं। सड़क,गलियां,नाले,नालियां,बांध, सरकारी इमारतों के निर्माण कार्य,पार्क,भूमिगत मार्ग,तालाब आदि



सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने वाली योजनाओं की श्रेणी में आते हैं। यहाँ तक कि रेलवे में भी निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार देखा जा सकता है।

अब हद तो यह है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने वाला देश का सबसे बड़ा पर्यटन स्थल गोवा भी पिछले कई महीनों से भ्रष्टाचार से डूबे महामार्ग का कलंक झेल रहा है। पिछले दिनों मुझे मुख्य महामार्ग से मुंबई से गोवा जाने का अवसर मिला। विश्वास कीजिये कि अपने लगभग चार दशकों के बिहार आवागमन के दौरान भी कभी ऐसी कष्टदायक सड़क बिहार में भी नहीं देखी जो पिछले दिनों मुंबई से गोवा जाते समय में देखनी पड़ी। प्रातः लगभग 9 बजे मुंबई के पनवेल से शुरू हुआ कार का सफ़र रात 12.30 पर गोवा पहुँच कर समाप्त हुआ। रास्ते में सड़कों के गड्ढों के कारण जो असुविधा व कष्ट उठाना पड़ा वह अलग। पिछले दिनों मुंबई से गोवा महामार्ग के गड्ढे भरे जाने की मांग को लेकर मुंबई हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि बारिश के मौसम के दौरान हर वर्ष इस महामार्ग में गड्ढे हो जाते हैं। जिसके कारण वाहन चालकों को काफ़ी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नेशनल हाईवे अथारिटी व राज्य सरकार को यह निर्देश दिया था कि वह स्पष्ट तौर पर एक तारीख़ बताए की कब तक मुंबई-गोवा महामार्ग के गड्ढे भरे जाएंगे। इसके बाद जब इस मामले की अगली सुनवाई हुई तो सरकारी वकील ने हलफ़नामा दायर कर कहा कि पांच सितंबर तक सड़कों के गड्ढों को भर दिया जाएगा। स्वयं नेशनल हाइवे अथारिटी ने भी हलफ़नामा दायर कर मुंबई हाईकोर्ट की बेंच को पांच सितंबर तक गड्ढे भरे जाने का आश्वासन दिया।

परन्तु अफ़सोस की बात यह कि मैंने जब 1 अक्टूबर को इस महामार्ग से गोवा की यात्रा की उस समय भी गड्ढों की संख्या भी कम होने के बजाये बढ़ती ही जा रही थी। गोया उच्च न्यायलय के निर्देश व सरकारी हलफ़नामे दोनों की अनदेखी की गयी ? यहाँ तक कि पूरे महामार्ग में इस बात के भी कोई संकेत नज़र नहीं आ रहे थे कि इसकी मुरम्मत का काम शुरू होने वाला है। इस मार्ग पर इन्हीं गड्ढों के कारण न जाने कितनी दुर्घटनायें हो चुकी हैं। कई लोगों की जान तक जा चुकी है। अनेक कारें, ट्रक व बस पलट चुकी हैं । हद तो यह है कि इसी दौरान पनवेल से गोवा की और जाने वाली एक बस में महाड के पास वडकल में एक आठ माह की गर्भवती महिला को उन्हीं गड्ढों के झटकों के कारण प्रसव पीड़ा शुरू हो गयी और महिला यात्रियों की मदद से रस्ते में ही उसके बच्चे का जन्म समय पूर्व हो गया। मुंबई-गोवा राजमार्ग की ख़राब स्थिति को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) द्वारा भी सम्बंधित अधिकारियों को कई शिकायतें की जा चुकी हैं और विरोध प्रदर्शन किए जा चुके हैं।

प्रकृतिक सौंदर्य से भरपूर गोवा जैसे पर्यटन स्थल पर गड्ढेदार सड़कों का कलंक लगना किसी भी क़ीमत पर उचित नहीं ठहराया जा सकता। गोवा में दो हवाई अड्डे तथा रेल की लगभग पूरे भारत से कनेक्टिविटी बेशक दूर दराज़ के पर्यटकों को गोवा पहुँचने में महत्वपूर्ण है। परन्तु गोवा मुंबई सड़क मार्ग की अनदेखी हरगिज़ नहीं की जा सकती। तमाम स्थानीय व बाहरी लोग भी ऐसे हैं जो मुंबई -गोवा महामार्ग से चलकर ही गोवा जाना चाहते हैं। इस मार्ग पर अनेक फ़िल्मों की शूटिंग होती रहती है। क्योंकि कोंकण क्षेत्र की पहाड़ियों के सौन्दर्य व इस मार्ग पर बहने वाले अनगिनत जलप्रपात को निहारते हुये गोवा पहुँचने का आनंद ही कुछ और है। प्रकृतिक सौन्दर्यों से भरपूर कोंकण क्षेत्र महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक के पूरे पश्चिमी तटों तक फैला हुआ है। यह पूर्व में सह्याद्रि नाम से प्रसिद्ध पश्चिमी घाट पर्वत श्रृंखला,पश्चिम में अरब सागर, उत्तर में दमन गंगा नदी और दक्षिण में अघनाशन नदी से घिरा हुआ है। निश्चित रूप से पर्यटक सड़क मार्ग पर चलते हुये इस प्रकृतिक सौन्दर्य को निहारना चाहते हैं।

इस समय महाराष्ट्र व गोवा दोनों ही जगह तथाकथित 'डबल इंजन' वाली गठबंधन सरकारें है। महाराष्ट्र से ही सम्बन्ध रखने वाले नितिन गडकरी देश में सड़कों के जाल फैलाने के लिए सुविख्यात हैं। संभवतः गडकरी केंद्र सरकार के अकेले ऐसे मंत्री हैं जिनके काम व योजनाओं की लोग खुलकर तारीफ़ करते हैं। उनकी ईमानदारी को लेकर भी उनकी प्रशंसा की जाती है। परन्तु उन्हीं के राज्य के सबसे प्रमुख मुंबई- गोवा महामार्ग का बुरी तरह क्षतिग्रस्त होना और देश का सबसे प्रमुख पर्यटन मार्ग होने के नाते इस मुद्दे का इतना प्रचारित होना, देश के पर्यटन व्यवसाय के लिये शुभ संकेत नहीं है। जिस मुंबई - गोवा महामार्ग पर आज गड्ढों का साम्राज्य है उसे तो केवल पर्यटन सीज़न में ही नहीं बल्कि बरसात के दिनों में भी पूर्णतः दुरुस्त रहना चाहिये क्योंकि बरसात के दिनों में ही इस मार्ग के जलप्रपात और हरियाली यहां के प्राकृतिक सौन्दर्य को और चार चाँद लगाते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आसपास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशीप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में सम्मान बढेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखों की बढ़ोतरी होगी।

**वृष** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घर के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्ते में सुधार आयेगा।

**मिथुन** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोकःझोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेनःदेन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरतहै। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

**कर्क** आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपकी कोई इच्छा पूरी होने से मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। लवमेट आज अपने रिश्तें के बारे में घर को बताएंगे, घरवाले इस पर विचार करेंगे। इस राशि के जो लोग कोई शॉप चला रहे हैं आज उनको अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चो पर नियंत्रण बनाने की योजना बनाएंगे।

**सिंह** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम असान हो जायेंगा। आपका कोई पूराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जताएंगे। किसी काम में सफलता आज आपके कदम चूमेगी।

**कन्या** आज का दिन मिलीःजुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यो में बढ़ःचढ़ कर हिस्सा लेंगे। आप घर पर ही परिवार के साथ धार्मिक कार्यो का आयोजन करेंगें। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। कोई आपके काम की शिकायत कर सकता है। आपके मन में कोई बात लेकर उलझने होंगी, दोस्तों से उसे शेयर कर सकते हैं।

**तुला** आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आपको वे लोग ज्यादा महत्व देंगे जो आपको हर मामले में कम समझते थे। इस राशि की महिलाएं अपने कार्यो को पूरा करने में व्यस्त रहेंगी। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जायेंगे। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज कोई अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा, जो भविष्य में अच्छा धन लाभ कराएगा।

**वृश्चिक** आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया केस हाथ लगेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी, जीवनसाथी के साथ कोई मूवी देखने का मन बनायेंगे। आज अपने दोस्त की किसी बात का बूरा ना माने, दोस्ती मजबूत होगी।

**धनु** आज आपका दिन ठीकःठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचेःसमझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा। आज पड़ोसी आपके कार्यो को पूरा करने में आपकी सहायता करेंगे। इससे पड़ोसियों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे।

**मकर** आज का दिन आपके लिए हर मायने में बढ़िया रहने वाला है। आपकी किसी परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यो में रुचि लेंगे, आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी।

**कुंभ** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यो को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे। आज आपके घर नन्हें मेहमान के आगमन का योग बन रहा है।

**मीन** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बड़े बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी तारीफ करेंगें। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

व्यंग्य

# शहरी जंगल

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



जंगली जंगल में बहुत जानवर थे। शहरी जंगल में भी बहुत जानवर थे। ये जानवर उन जानवरों से और वे जानवर इन जानवरों से कतई बात नहीं करते थे। इसीलिए उस जंगल के मोर, हाथी, बाघ, ऊदबिलाव, साँप, बिच्छू, कीड़े-मकौड़े किसी को भी यह बताने की जरूरत नहीं थी कि वे मोर, हाथी, बाघ, ऊदबिलाव, साँप, बिच्छू, कीड़े-मकौड़े हैं। किंतु उन्हीं जंगलों में एक आदिवासी औरत रहती थी। उसे शहर के दारोगा बाबू ने थाने में जबरन एक हफ्ते से बैठा रखा है। बार-बार एक ही सवाल करता है कि अपनी पेटीकोट उतारो। मुझे देखना है कि तुम औरत हो कि नहीं। उसने अपनी पेटीकोट नहीं उतारी। दारोगा ने कहा - तुम्हारी दूधमुँही बच्ची रोती-बिलखते तड़प रही होगी। पेटीकोट उतारकर बता दो कि तुम औरत हो। मैं तुम्हें जाने दूँगा। तब भी उसने पेटीकोट नहीं उतारी। दारोगा ने फिर कहा - तू नक्सली है। जा मेरे लिए माँस-मछ्ली बनाकर ला। दारू ला। पहले बाहर की फिर भीतर की भूख मिटा फिर प्यास बुझा। नहीं तो अपनी पेटीकोट उतारकर बता कि तुम औरत हो। फिर भी उसने पेटीकोट नहीं उतारी। वह थूक भरे मुँह से उसकी पेटीकोट खोलने लगा। वह पीछे हटी। भागने लगी। उसने नक्सली रांड कहकर उसकी पिंडली पर गोली चलाई।काश उसे पता होता कि आदिवासी औरत पेटीकोट नहीं पहनती। उसे कैसे पता चलेगा? वह तो शहरी जंगल का दारोगा है। उसे तो सिर्फ भूख और प्यास लगती है। वह भी हवस की।

## पहले अभियान में सफल ड्राइव आयोजित

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा द्वारा ग्रेट 4X4 एक्सपीडिशन के पूर्वी जोनल फ्लैग-ऑफ की घोषणा की, जो पूरे भारत में साहसिक ऑफ-रोड यात्राओं की श्रृंखला में चौथा रोमांचक ड्राइव लेकर आया है। अजोध्या हिल टॉप, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल के सुरम्य परिदृश्य में ऑफ-रोडिंग उत्साही लोगों को एकजुट करते हुए एक अविस्मरणीय अनुभव का वादा करता है। इस अभियान का पहला अभियान मई 2023 में शुरू हुआ, जिसमें सफल ड्राइव आयोजित की गई। भारत के दक्षिणी, पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्र। इनमें से प्रत्येक ड्राइव में 4×4 पंखे, देश के कई शानदार परिदृश्यों में विशेष रूप से क्यूरेटेड 4-व्हील ड्राइव अनुभव की पेशकश की गई। इसके अलावा, टोयोटा द्वारा ग्रेट 4×4 अभियान के अपने पहले क्षेत्रीय अभियानों की जीत का विस्तार करते हुए, यह पहल 4×4 एसयूवी समुदाय को अद्भुत अनुभव प्रदान करने, रोमांच के लिए उनके जुनून को प्रज्वलित करने और लोकाचार को बढ़ावा देने में कंपनी के समर्पण की पुष्टि के रूप में खड़ी है। सामूहिक खुशहाली लाना और सभी के लिए गतिशीलता प्रदान करना। अन्य ब्रांडों के एसयूवी के मालिक भी रोमांचक ऑफ-रोडिंग अनुभव की भावना को बढ़ावा देते हुए, टोयोटा की मज़ेदार और साहसिक ड्राइव में भाग ले रहे हैं। यह रोमांच आज शानदार कुशल पल्ली रिसॉर्ट्स में शुरू हुआ, जिसमें 4×4 उत्साही लोगों को कई चुनौतीपूर्ण इलाकों से गुजरने की उम्मीद है, जिससे 4×4वाहनों की असाधारण क्षमताओं का पूर्ण प्रदर्शन होगा।

चिंतन

मनोज कुमार अग्रवाल

# देश की बेटियों की सुरक्षा के लिए संवेदनशील तंत्र की दरकार!



उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में सरकार कानून व्यवस्था में सुधार और बेटियों महिलाओं की अभय सुरक्षा के वायदे पर प्रदेश में दोबारा सत्तारूढ़ हुयी थी। लेकिन जनसंख्या के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने और पिछली सरकारों में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब होने के बाद धीरे-धीरे कानून व्यवस्था पटरी पर लौट रही है लेकिन इस सबके बावजूद प्रदेश में महिलाओं खासकर बेटियों की सुरक्षा कई बार हाशिये पर पहुंच जाती है पिछले तीन चरणों में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर कम करने के बावजूद शत प्रतिशत सफलता पाने में नाकाम रही यूपी की योगी सरकार ने एक बार फिर बेटियों महिलाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति चतुर्थ चरण की शुरुआत की है। मिशन शक्ति एंटी रोमियो स्क्वाड बेटी बचाओ बेटी पढाओ और ऐसी ही तमाम कवायद और बहुत सारे कानून के बावजूद बेटियों की सुरक्षा के तमाम दावे धरे के धरे रह जाते हैं और बेटियों की सुरक्षा में सरकार फेल हो जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की दिशा में बढ़ रहे कदमों में महिला बीट अधिकारियों को उनके बढ़ते दायित्व का बोध कराया। कहा कि शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार से महिला बीट आरक्षी गांव-गांव में जाकर महिलाओं को जागरूक करने का कार्य आरंभ करेंगी। कहीं कोई बहन-बेटी की सुरक्षा में सेंध लगा रहा है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। महिला आरक्षियों को शोहदों से पूरी सख्ती से निपटने का सीधा संदेश दिया।।

अभी कुछ दिन पहले ही अंबेडकर नगर में दो मनचलो ने दुपट्टा खींचा तो साइकल सवार नाबालिक छात्रा अपना बचाव करते हुए एक वाहन की चपेट में आकर मारी गई। पुलिस ने शैतान मनचलो को एक एनकाउंटर में टांग तोड़ कर जेल भेज दिया। समझा जा रहा था कि यह वारदात शैतानी करने वाले लोगों के लिए सबक साबित होगी लेकिन इसके बाद फिर एक वहशी वारदात यूपी की छात्रा के साथ हुयी है। अभी दो दिन पहले एक नाबालिग लड़की ट्यूशन से घर लौट रही थी। रास्ते में एक मनचले ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। लड़की ने विरोध किया तो लड़के ने उसे ट्रेन के आगे धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आने से बच्ची का एक हाथ और दोनों पैर कट गए। शोहदे घरों में दुबक गए हैं और महिलाएं आधी रात को भी सुरक्षित सड़कों पर घूमने लगी हैं। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली और अपराधियों पर अंकुश लगाने के राज्य सरकार के दावे की पोल खोलती है। आखिर कोई कैसे इतनी हिम्मत कर पाता है कि दिनदहाड़े राह चलती महिला उसकी बात नहीं मानेगी तो वह उसकी जान लेने पर उतारू हो जाएगा। हालांकि मुख्यमंत्री ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए अपराधी के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करने का आदेश दिया है। उस इलाके में पुलिस को चौकस कर दिया गया है। कहा जा सकता है कि



उत्तर प्रदेश में अपराधियों पर नकेल कसने के प्रयासों में तेजी आई है और महिलाओं तथा बच्चियों के खिलाफ अपराध के मामले सुलझाने, उनकी प्राथमिकी दर्ज करने का स्तर सुधरा है, मगर यह भी सच है कि महिलाओं के साथ आए दिन ऐसे अपराध हो रहे है, जो उन्हें घरों से बाहर निकलने से पहले सोचने पर मजबूर कर देते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पुलिस सरकारी दिशा-निर्देशों का उचित तरीके से पालन नहीं करती। ऐसा बरेली की इस घटना में भी दिखा। पीड़ित किशोरी के पिता स्थानीय थाने में पहले शिकायत कर चुके थे कि कुछ युवक उनकी बेटी को ट्यूशन के रास्ते में परेशान करते हैं। मगर कार्रवाई तो छोड़िए, पुलिस ने उस शिकायत पर ध्यान भी नहीं दिया। अगर समय रहते पुलिस सक्रिय हो जाती, तो पीड़ित बच्ची की जान खतरे में न पड़ती। पुलिस का यह हाल तब है जब मुख्यमंत्री स्वयं महिला अपराधों को लेकर लगातार निगरानी करते हैं। मुख्य सचिव स्तर पर हर माह समीक्षा बैठकें होती हैं। और डीजीपी अपने मातहतों को समय समय पर ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने की हिदायत जारी करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़े बताते हैं कि उसके एंटी रोमियो दल ने बीते एक साल में साढ़े छह हजार ऐसे लड़कों के खिलाफ कार्रवाई की है, जो राह चलती महिलाओं को छेड़ते, उन पर फब्तियां कसते हैं। महिला पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं, पुलिसबल में महिला कर्मियों की संख्या पहले के मुकाबले बढ़ी है, मगर स्थानीय स्तर पर पुलिस की संवेदनहीनता का क्या किया जाए! सच है कि पुलिस हर जगह मौजूद नहीं रह सकती, लेकिन अपराधी के मन में कानून का खौफ तो होना ही चाहिए। महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध की हर घटना के बाद सरकार सख्त कार्रवाई करती है लेकिन इस के बावजूद वारदात की झड़ी नहीं रुकती है।

बताया गया है कि मिशन शक्ति एकीकृत महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम है जिसे महिलाओं की रक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण हेतु अम्ब्रेला योजना के रूप में कार्यान्वयन हेतु शुरू किया गया है।यह महिलाओं के सशक्तीकरण के लिये है। जिसमें उज्ज्वला, स्वाधार गृह और कामकाजी महिला छात्रावास की पूर्ववर्ती योजनाओं को संशोधनों के साथ शामिल किया गया है। इसके अलावा कामकाजी माताओं के बच्चों के लिये राष्ट्रीय क्रेच योजना और एकीकृत बाल विकास सेवा अम्ब्रेला योजना के तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाकी मौजूदा योजनाओं को अब सामर्थ्य योजना में शामिल किया गया है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की आबादी में 67.7त्न महिलाएं और बच्चे हैं। देश के सतत और न्यायसंगत विकास के लिए, महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाना, उनकी रक्षा करना और उनका संपूर्ण विकास सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

यहां यह बात भी बिल्कुल सत्य है कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी बेटियों की सुरक्षा के मामले में जीरो टॉलरेंस रखते हैं उन्होंने पिछले दिन एक बयान में भी कहा था कि यदि कोई शैतान किसी बेटी की सुरक्षा के साथ खेलने की कोशिश करेगा तो अगले ही चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते मिलेंगे लेकिन इसके बावजूद भी लगातार बेटियों की सुरक्षा के मामले में सरकार को पर्याप्त सफलता नहीं मिल रही है लगातार प्रयासों के बावजूद पुलिस की कार्यशैली में लापरवाही और नाकारापन इस तरह से व्याप्त है कि सरकार को पूर्ण सफलता नहीं मिल सकी है। जरूरत इस बात की है कि पुलिस को महिलाओं की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाया जाए इसकी समय-समय पर क्रास चेकिंग की जाए तभी पुलिस महिलाओं के प्रति अधिक संवेदनशीलता अपना कर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के ग्राफ को कम कर सकती है इसके लिए सामाजिक स्तर पर भी बहुत प्रयास किए जाने की जरूरत है तथा छात्रों को छेड़ने वालों के खिलाफ बेटियों की मदद के लिए आगे आने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जा सकता है बदमाशों से सख्ती से पेश आने के लिए स्थानीय वॉलिंटियर्स को भी प्रोत्साहित करने की जरूरत है इसके लिए बाकायदा एक अभियान चला कर बेटियों की सुरक्षा को प्रमुखता के साथ एक आंदोलन का रूप देने की महती जरूरत है।

## एक नजर

### भाजपा ने गीदम में चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन



**गीदम 18 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी गीदम मण्डल में विधानसभा चुनाव 2023 चुनावी कार्य हेतु भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्धघाटन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा दन्तेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 88 भाजपा प्रत्याशी व भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी उपस्थित हुए साथ ही गीदम मण्डल प्रभारी सुनीता भास्कर,मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप समेत सभी मण्डल में निवासरत भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी, समस्त मोर्चा, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, वरिष्ठ, जनप्रतिनिधि, बूथ कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी, व भाजपा के विचारधारा के समस्त देवतुल्य कार्यकर्ता उपश्थित हुए ।

### तीन अभ्यर्थियों ने लिया नाम निर्देशन पत्र

**सुकमा, 18 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 90 कोंटा के अंतर्गत 16 अक्टूबर को तीन अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से मनीष कुंजाम, इंडियन नेशनल कांग्रेस से कवासी लखमा, बहुजन समाज पार्टी से मासा मड़कामी ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया। किसी भी अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया है। इस दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई।

### भाजपा प्रत्याशी चैतराम अटामी ने लिया नामांकन फॉर्म



**दंतेवाड़ा 18 अक्टूबर।** भाजपा प्रत्याशी चैतराम अटामी ने सोमवार 16 अक्टूबर को निर्वाचन कार्यालय पहुंच नामांकन फॉर्म लिया । इस दौरान उनके साथ जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक बाजपेयी, जिला कार्यसमिति सदस्य अनुज भदौरिया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर, पूर्व भाजपा गीदम मण्डल महामंत्री विनोद साहू, रवि भदौरिया, युवा मोर्चा दंतेवाड़ा मण्डल महामंत्री निखिल नाग मौजूद रहे।

### शासकीय एवं निजी स्थानों से हटाए गए पोस्टर एवं बैनर

**उत्तर बस्तर कांकेर 18 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति अंतर्गत 3380 दीवार लेखन, 6831 पोस्टर, 2906 बैनर और 1850 अन्य प्रचार सामग्री हटाये गये। इसी प्रकार निजी सम्पति अंतर्गत 2817 दीवार लेखन, 231 पोस्टर, 165 बैनर और 202 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई है। इस प्रकार सार्वजनिक स्थलों में कुल 14 हजार 968 तथा निजी स्थलों में 03 हजार 415 सहित यानी कुल 18 हजार 383 पोस्टर-बैनर निर्धारित समयावधि में हटाये गये हैं।

# कार्रवाई के बाद भी नरहरपुर क्षेत्र में खुड़खुड़िया का खेल जारी

## जामगांव के मुर्गा बाजार में खेला जाता है यह खेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 18 अक्टूबर।** नरहरपुर थानांर्गत ग्राम जामगांव व आस-पास के क्षेत्र में इन दिनों खुड़खुड़िया का जुआ जोर-शोर से चल रहा है जिस पर लगाम लगाने में नरहरपुर पुलिस नाकाम साबित हो रही है। हालाकि मुखबिर की सूचना पर पिछले दिनों एक कार्यवाही हुई थी जिसके दो दिन बाद फिर जामगांव के मुर्गा बाजार में खुड़खुड़िया का खेल जारी रहा।

विदित हो कि नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जामगांव में रविवार को खुलेआम खुड़खुड़िया का खेल चल रहा था इस तरह खुलेआम मुर्गा बाजार में जुआ चलना समझ से परे है। हालाकि पिछले दिनों गुरुवार को माडरादाह में खुड़खुड़िया खिलाने वाले कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



जिससे यह माना जा रहा था कि नरहरपुर क्षेत्र में नये थाना प्रभारी के आने से अब यह खेल बंद हो जायेगा लेकिन कार्यवाही के तुरंत बाद बेखौफ मुर्गा बाजार में खुड़खुड़िया का जुआ चलना कई संदेह को जन्म देता है।

**दीपावली के पहले जुआ, खुड़खुड़िया के खाईवाल हो जाते है सिक्रय :** विदित हो कि दीपवाली के आस-पास जुआ व खुड़खुड़िया के खाईवाल सक्रिय हो जाते है व बेखौफ जुआ का खेल जारी रहता है खासकर मुर्गा बाजार को ये लोग अपना सेफ जोन मानकर यही आस-पास अपने खेल को अंजाम देते है जिसकी लेकर केवल मुखबीर की सूचना पर एक-दो कार्यवाही होती है इसके बाद ये और भी सक्रियता के साथ इस खेल को अंजाम देते है। इस संबंध में नरहरपुर थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख ने कहा कि अभी हाल ही में एक बड़ी कार्यवाही हुई है आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

# दूसरे दिन 16 ने लिए नामांकन पत्र और एक ने किया दाखिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 18 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत जिले के अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्र के लिए नाम-निर्देशन पत्र 13 अक्टूबर से प्रारम्भ हो गया है, जो कि 20 अक्टूबर तक लिया जाएगा। आज तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 16 नाम-निर्देशन पत्र सम्भावित अभ्यर्थियों के द्वारा क्रय किए गए, जबकि अब तक एक सम्भावित अभ्यर्थी ने नामांकन पत्र दाखिल (जमा) किया है। शनिवार एवं रविवार अवकाश के उपरांत आज पुनः नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने और जमा करने की प्रक्रिया सुबह 11.00 से अपराह्न 3.00 बजे के बीच प्रारम्भ हो गई है। भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए ग्रामा टेकाढोड़ा निवासी श्री गौतम उइके ने आज अपना नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया तथा उनके द्वारा आज ही प्रपत्र दाखिल भी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 79 के लिए अंतागढ़ तहसील के ग्राम तुसकाल निवासी श्री संतुराम नुरूटी, पखांजूर तहसील के ग्राम घोटिया



निवासी श्री सुरेन्द्र कुमार दर्रो और ग्राम घोटूलबेड़ा निवासी श्री विक्रमदेव उसेण्डी ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 के अंतर्गत कुल 08 संभावित अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र क्रय किया। इनमें भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम टेकाढोड़ा निवासी श्री गौतम उइके, तहसील चारामा के ग्राम कुर्रूटोला निवासी श्री राजेश्वर प्रसाद कांगे, दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम तरहल निवासी श्री लतीफ कुमार पिद्दा, ग्राम कर्रामाढ़ के सेवालाल चिराम, भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम परवी शिकारीपारा निवासी श्री सूरज मण्डावी, चारामा तहसील के ग्राम मरकाटोला निवासी श्री जालम सिंह जुर्री, ग्राम जवरतरा के श्री भोजराम मण्डावी तथा ग्राम तेलगरा निवासी श्रीमती सावित्री मण्डावी ने आज नाम-निर्देशन पत्र क्रय किया।

# पारा गिरने से होने लगा है ठंड का एहसास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा 18 अक्टूबर।** आज भोर में अचानक से सुबह उठने के बाद लोगों ने चारों ओर घना कोहरा छाया देख सुकून की सांस ली। कोहरा बढ़ने से हल्की गुलाबी ठंड का एहसास भी होने लगा है। 8 बजे तक कोहरा छाया रहा जिसके बाद धीरे धीरे धुन्ध छंटने लगा। अश्विन माह के आते ही अंचल में अब हल्की ठिठुरन बढने लगी है। आज के कोहरे ने संकेत दे दिया है कि अब अंचल में मौसम बदल रहा है और आने वाले दिनों में ठंडी बढेगी। मौसम वैज्ञानिकों ने भी अपने ओर से जारी संदेश में यह कहा है कि आने वाले दशहरा तक दक्षिण बस्तर समेत पूरे प्रदेश में पारा लुढकेगा



और ठंड बढेगी। आज मंगलवार को भी दक्षिण बस्तर जिले में मौसम काफी खुशनुमा रहा। भोर में घना कोहरा देख लोगों को अनायास ही कश्मीर की याद आ गई। चारों ओर धुंध ही धुंध दिखाई पड़ रहा था जिससे सड़कें भी ढंक गई थी। वाहनों के स्पीड पर भी ब्रेक लग गया था। धुंध की वजह से भोर में हेडलाईट जलाकर लोग वाहन चला रहे थे। दिन चढ़ते ही धुंध छंटने लगा जिसके बाद लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली। बता दें कि ठंडी का सीजन शुरू हो चुका है लेकिन अब तक अंचल में ठिठुरन नहीं बढ़ी है। दोपहर में तेज धुप व गर्मी से लोग हालान हो रहे हैं इसी बीच मंगलवार की सुबह लोगों के लिए राहत भरी रही । आज के कोहरे को देख ऐसा एहसास होने लगा है कि जल्द ही पारा और नीचे जाएगा और अंचल में ठंड बढेगी। ठंडी का सीजन सबसे अच्छा सीजन माना जाता है इसे हेल्दी सीजन भी कहते हैं। इस मौसम में बडे पैमाने पर पर्यटक पहाडियों पर तथा बर्फ वाली ठंडी इलाकों में घुमने के लिए निकलते हैं और ठंडी का जमकर लुत्फ उठाते हैं। कई ठंडी प्रेमियों को तो इस मौसम के आने का इंतजार साल भर से रहता है।

## समाचार संक्षेप

### गौसुल आजम कांफ्रेंस एवं जुलूसे गौसिया 26, 27 को

**रायपुर 18 अक्टूबर।** उन्नीसगढ़ गौसुल आजम कमेटी बैजनाथपारा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार हजरत शेख मोहियुद्दीन अब्दुल कादिर जिलानी गौस पाक के माह ग्यारहवी शरीफ के संबंध मे गौसुल आजम कांफ्रेंस 26 अक्टूबर रात 10 बजे सीरत मैदान बैजनाथपारा मे होगी। जिसमें मुकर्रिरे खुसूसी हजरत अल्लामा सै. मोहम्मद अशरफ कलीम अशरफीयुल जानी कला शरीफ का खिताब होगा। 27 अक्टूबर दोपहर 3 बजे जुलूसे गौसिया महबुबिया चौक बैजनाथपारा से प्रारंभ होगा। जिसकी सदारत से मूसा निजामी साहब दरगाह महबूबे इलाही दिल्ली व उल्मा एकराम करेगें । अलका करता हुआ सीरत मैदान बैजनाथपारा में समाप्त होगा, जहा परचम करुणाई. मगरिद को नमाज व आम लगर होगा । इस संबंध में शहर की विभिन्न मोहल्लों की कमेटीयो व जिम्मेदारों से गौमुल आजम कमेटी द्वारा सम्पर्क किया जा रहा है ताकि वक्त पर जुलूस निकाला जा सके । इस मौके पर कमेटी द्वारा गौसुल आजम एवार्ड पांच हजार रू. किसी आलिमे दीन को दिया जाएगा एवं मोफक्किरे इस्लाम एवाई शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्ति को दिया जाएगा। इस मौके पर गौस पाक की जीवनी पर निबंध प्रतियोगिता रखी गई है जिसमें स्कूल के छात्र छात्राएं भाग ले सकते है । जिसमे प्रथम पुरूस्कार 5100/- द्वितीय पुरूस्कार 2100/- एवं तृतीय पुरुस्कार 1100/- दिया जाएगा । कमेटी के मो. फुरकान, डॉ. मुजाहिद अली फारूकी, हसरत खान, नदीम मेमन. बदरूद्दीन खोखर, इकबाल शरीफ डॉ. एस. ए. रहमान, मुल्ला शहाबुद्दीन, मौलाना अ रज्जाक, मौलाना जहीरूद्दीन, शोबी भाई, शकील चौहान, शब्बीर कुरैशी ने आवाम से दोनो प्रोग्राम में शिर्कत की गुजारिश की है ।

### एफएसटी एवं एसएसटी टीम वाहनों की बारीकी से जांच कर रही



**सुकमा,18 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले में निर्वाचन व्यय संबंधी मॉनीटरिंग हेतु गठित एसएसटी टीम के द्वारा जिले के कुल 05 चेक पोस्टों में 24 घंटे निरंतर आने-जाने वालों की वाहनों की सघन निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है विधानसभा आम निर्वाचन को दृष्टिगत जिले के सभी थाना क्षेत्र में एफएसटी एवम् एसएसटी टीम तैनात की गई है। टीम द्वारा नाकाबंदी कर अवैध शराब, गांजा, जुआ सट्टा आदि गतिविधि पाए जाने पर अधिनियम अंतर्गत अधिक से अधिक जप्ती कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवेश पैकरा ने बताया कि तरह से जिले के विधानसभा क्षेत्र में एसएसटी 15, एफएसटी 06 एवं वीएसटी की 04 टीम भी तैनात की गई है। जिसके द्वारा निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सतत् निगरानी की जा रही है।



**सुकमा 18 अक्टूबर।** छिंदगढ़ में शारदीय नवरात्रि की शुभ अवसर पर माता के पंडाल में पहुँच पूजा अर्चना कर बस्तर क्षेत्र व प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना किये। इस दौरान उन्होंने सभी का अभिवादन करते हुए चर्चा किये। बच्चों के प्रिय दादी को अपने बीच पाकर सेल्फी लेने की होड़ लगी रही।

# निर्वाचन कार्य में त्रुटि न हो, गंभीरता से लें प्रशिक्षण: हरिस. एस

**सुकमा, 18 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस ने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नहीं होती। इसलिए सभी अधिकारी, कर्मचारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन विशेष सावधानी के साथ त्रुटिरहित ढंग से सभी सम्पन्न करें।

उन्होंने कहा कि मतदान अधिकारियों को अपने कार्य एवं दायित्वों के संबंध में किसी प्रकार की शंका होने पर उसका समाधान प्रशिक्षण के दौरान करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आज विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिला मुख्यालय सुकमा में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदान अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान उन्होंने मुख्यालय में चल रहे मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्य का जायजा लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत



की जिला शिक्षा अधिकारी श्री नितिन डडसेना, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्री गणेश सोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान उन्होंने मॉकपोल, मतदान के निर्धारित समयावधि, मतदान अधिकारियों के मतदान केन्द्र में पहुँचने के पश्चात् सर्वप्रथम किए जाने वाले कार्यो के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान अधिकारियों से मॉकपोल के दौरान डाले जाने वाले न्यूनतम मतों की संख्या तथा मॉकपोल एवं मतदान के दौरान ईव्हीएम खराब होने की स्थिति में किए जाने वाले कार्य के संबंध में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों को मतदान सामग्री प्राप्त करना, ईव्हीएम-कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, व्हीव्हीपैट मशीन, लेखन सामग्री, मतदान के एक दिन पूर्व की तैयारी, मतदान केन्द्र की व्यवस्था, मतदान के दिन मतदान प्रारंभ के पूर्व की तैयारी, मॉकपोल का आयोजन, ईव्हीएम मशीन को वास्तविक मतदान के लिए तैयार करना, नियत समय पर मतदान प्रारंभ करना, मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिए अधिकृत व्यक्ति तथा पीठासीन अधिकारी की डायरी आदि की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई।

# 11 प्रकरणों में 69.53 लीटर मदिरा और 190 किलो महुआ लाहन जब्त

**उत्तर बस्तर कांकेर 18 अक्टूबर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिला आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय, परिवहन व चौर्नयन की रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन गश्त, वाहनों की जांच एवं दबिश दी जा रही है। जिले के आबकारी दल द्वारा विधानसभा क्षेत्र कांकेर के अंतर्गत दसलाल मंडावी निवासी मांडाभर्री चौकी दुधावा के कब्जे से विदेशी व्हिस्की मदिरा एवं देशी प्लेन 3.240 लीटर जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) का प्रकरण दर्ज किया गया। इसी तरह सोनी बाई निवासी आवास पारा मनकेशरी के कब्जे से 4.500 लीटर महुआ शराब तथा 120 कि.ग्रा. महुआ लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख),च का प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर के अंतर्गत श्रवण देवांगन निवासी शीतला पारा चारामा के कब्जे से देशी मदिरा प्लेन एवं विदेशी व्हिस्की 2.550 लीटर जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) का प्रकरण तथा बालसिंग सिन्हा निवासी ठाकुर पारा उकारी के कब्जे से 3.500 लीटर महुआ शराब एवं 30 कि.ग्रा. महुआ लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख),च का प्रकरण दर्ज किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ अंतर्गत घसिया राम निवासी गुरवण्डी के कब्जे से पांच बोतल सिम्बा बियर जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) का प्रकरण, सुमीत कोटेन्द्र निवासी हामतवाही के कब्जे से 12 नग बियर एवं 14 नग पाव जिप्सी व्हिस्की जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2)34(1)(क),59(क) का प्रकरण, मिनी टाडिया निवासी पटेल पारा प्रतापुर के कब्जे 4.5 लीटर महुआ शराब 20 कि.ग्रा. महुआ लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क),च का प्रकरण, शांति बाई उईके निवासी पटेलपारा बलावंड के कब्जे 4.5 लीटर महुआ शराब 20 कि.ग्रा. महुआ लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख),च का प्रकरण तथा राकेश बेसरा निवासी बाजार पारा प्रतापपुर के कब्जे से 20 नग पाव देशी प्लेन मदिरा जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) का प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार कुल 11 प्रकरणों में उक्त आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए कुल 69.530 लीटर मदिरा एवं 190 किलो ग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया जिसका बाजार मूल्य लगभग 36 हजार रुपए आंका गया है।

## सुधार के नाम पर पालिका ने केवल गड्ढा कर छोड़ा.

# शिकायत के एक माह बाद भी नपा ने नल कनेक्शन नहीं सुधारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 18 अक्टूबर।** नगर पालिका दंतेवाड़ा इस कदर बेलगाम हो चुका है कि अब यहां के अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टर से की गई शिकायत का भी कोई फर्क नहीं पड़ रहा। नगरवासी अपनी समस्याओं के निपटारे के लिए पालिका की चौखट पर सर पटक पटक कर थक जा रहे हैं मगर यहां बैठे मगरूर सीएमओ हो, अकर्मण्य कर्मचारी हो अथवा नगर पालिका में चुनकर आए जनप्रतिनिध हो किसी को जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं रह गया है। उदाहरण के तौर पर एक नल कनेक्शनधारी महिला उपभोक्ता की दर्द को सुनकर उसकी समस्या को जानकर स्वयं अंदाजा लगाया जा सकता है कि दंतेवाड़ा में नगर पालिका कि व्यवस्था किस कदर लचर भ्रष्ट एवं खराब हो चुकी है।

महिनों बीत गए शिकायत किए हुए मगर नगर पालिका के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। नगर के वार्ड क्रमांक-05 में मुख्य मार्ग के किनारे निवासरत पीडित कनेक्शनधारी महिला आरती गुप्ता ने बताया कि बीते दो माह से उनके घर



में पानी नहीं आ रहा था जिसके बाद सितंबर में उन्होने पालिका में लिखित शिकायत करते हुए नल कनेक्शन को ठीक किए जाने की मांग की। पखवाडे भर बाद पालिका के कर्मचारी आकर गढढा खोद कर छोड़ दिए और बोले कि मेन पाइप से पानी नहीं आ रहा है सड़क के दूसरे साइड में लगे पाइप से कनेक्शन जोड़ना पड़ेगा कहकर चले गए। तदोपरांत 8 से 10 दिवस तक फिर दुबारा कोई कर्मचारी तांकने झांकने नहीं आया। जब पालिका ने कनेक्शन नहीं जोड़ा तो विवश होकर पीडित महिला ने 25 सितंबर 2023 को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनदर्शन दिवस पर कलेक्टर विनीत नंदनवार से रूबरू मिलकर गुहार लगाई। कलेक्टर से शिकायत के कई दिनों बाद भी जब कनेक्शन नहीं जोड़ा गया तो सब इंजीनियर राजेश को फोन कर पीड़िता के सहयोगी संतोष ने समस्या से अवगत कराया। जिसके उपरांत राजेश ने कहा कि पीडबल्यूडी से रोड कटिंग की अनुमति ले लिजिए हम कनेक्शन जुडवा देंगे। 03 अक्टूबर को पीडबल्यूडी विभाग में राशि जमाकर रोड कटिंग की अनुमति भी ले ली गई अनुमति की कॉपी भी पालिका में जाकर जमा करा दिया गया। अनुमति के बाद जब पालिका से कनेक्शन जुड़वाने को कहा गया तो पालिका ने हीला हवाला शुरू कर दिया। आज करेंगे कल करेंगे, अभी आपरेटर मजदूर नहीं हैं तो कभी कटिंग मशीन की समस्या है ऐसी बातें कहकर टाल मटोल करने लगे। थक हारकर पीड़िता आरती ने स्वयं के खर्च पर मजदूर लगाकर रोड कटिंग का काम शुरू करवाया। जबकि नियमतः रोड कटिंग कर कनेक्शन जोड़ने तक का काम पालिका का होता है। अब रोड कटिंग पूरा हो जाने बाद भी कनेक्शन देखने वाले पालिका के कर्मचारी कनेक्शन जोड़ने नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते पीडित महिला उपभोक्ता के सामने पानी की विकट समस्या खड़ी हो गई है। पीड़िता आरती ने बताया कि उनके घर में केवल वे और उनकी 85 वर्षीय वृद्ध मां ही रहती है और कोई नहीं। पानी की सप्लाई महिनों से नहीं होने से बहुत ही ज्यादा परेशानी हो रही है। पीड़िता ने कई बार सीएमओ पवन मेरिया को समस्या बताने के लिए फोन किया मगर उन्होने फोन रिसिव नहीं किया। कलेक्टर से शिकायत का भी कोई असर पालिका अधिकारी पर नहीं पड़ा। बहरहाल देर सबेर कनेक्शन तो पालिका को देना ही होगा लेकिन इस तरह से आम लोगों को परेशान करके अगर कोई काम किया जाए तो वो किस काम का। एक छोटे से काम के लिए लोगों को नीचे से लेकर उपर तक दम लगाकर शिकायत करना पड़ रहा है उसके बावजूद भी आम लोगों की सुनवाई नहीं हो रही।

## एक नजर



### 25 हजार अधिकारी-कर्मचारियों ने ली अनिवार्य मतदान की शपथ

**महासमुंद, 18 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत महासमुंद जिला स्तरीय कार्यालयों, मैदानी स्तर के कार्यालयों के लगभग 25 हजार अधिकारी-कर्मचारियों ने आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए शपथ लेकर संकल्प पत्र में हस्ताक्षर किए। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत इस अभियान में कलेक्ट्रेट कार्यालय, जिला पंचायत, वन विभाग, अनुविभाग, तहसील, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत सहित नगरीय निकायों एवं सभी मैदानी स्तर के कर्मचारियों ने मतदान करने शपथ ली।

अभियान के नोडल अधिकारी मैनेजमेंट रेखराज शर्मा ने बताया कि मतदाता शपथ ग्रहण अंतर्गत सुबह 10ः30 बजे शपथ लिया गया कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तथा दिव्यांगजन मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। शपथ के पश्चात मतदाता जागरूकता अभियान के संबंधित स्लोगन को पढ़कर सुनाया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, जिला कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर श्रवण कुमार टंडन, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, जिला कोषालय अधिकारी संदीप चौधरी, मीडिया सेंटर मंय कीर्ति पाराशर, पोषण साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग में समीर पांडेय, वन विभाग, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इसी तरह जिले के अनुविभागीय, तहसील एवं ब्लॉक एवं मैदानी कार्यालयों में भी शपथ ली गई।

### उत्तम मेमोरियल कालेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**रायगढ़, 18 अक्टूबर।** श्री अरविन्द कुमार सिन्हा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़ के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन श्री जितेन्द्र कुमार ठाकुर, द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश रायगढ़ के द्वारा छात्र/छात्रों को मोटरयान अधिनियम से संबंधित जानकारी दी गई। श्री जगदीश राम, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश रायगढ़ के द्वारा भी छात्र/छात्रों को टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 के संबंध में यह जानकारी दी गई कि छ.ग.राज्य के अंतर्गत पुराने समय से ही जादू-टोना जैसी कुरीतियां एवं अंधविश्वास व्याप्त है। केवल इतना नही बल्कि महिलाओं को टोनही के नाम से कलंकित एवं प्रताडित भी किया जा रहा है और समाज में ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण मान्यता के कारण ही अत्याचार, कलह एवं हिंसा का वातावरण बना रहता है। छ.ग.टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 के नाम से इस अधिनियम का निर्माण किया जिससे समाज में स्वस्थ मानसिकता कायम हो सके और टोनही के नाम से उपेक्षित एवं प्रताड़ित व्यक्तियों को विधिक सुरक्षा प्रदान की जा सकें तथा शिक्षा संबंधित अधिकार के बारे में जानकारी दिया गया।गुलापन राम यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ के द्वारा साईबर से होने वाले अपराध के संबंध में जानकारी दिया गया तथा बच्चों को गुड-टच बेड-टच से भी अवगत कराया गया। सुश्री प्रांजलि नेताम न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा बच्चों को पाक्सों एक्ट के संबंध में जागरूक करते हुए बताया गया कि पाक्सों एक्ट का मतलब प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल आफेंस एक्ट है इसे 2012 में लागू किया गया था ये बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन शोषण को अपराध साबित करता है, यह कानून 18 साल के कम उम्र के लड़के और लड़कियों पर समान रूप से लागू किया जाता है। सौरभ बारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा बच्चों को साईबर से होने वाले अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी कंप्यूटर का अपराधिक स्थान पर मिलना या कंप्यूटर से कोई अपराध करना कंप्यूटर अपराध कहलाता है, कंप्यूटर अपराध में नेटवर्क शामिल नही होता है, किसी कि निजी जानकारी को प्राप्त करना और उसका गलत इस्तेमाल करना किसी की भी निजी जानकारी कंप्यूटर से निकाल लेना या चोरी कर लेना भी साईबर अपराध है। उक्त विधिक जागरूकता शिविर में प्राचार्य उत्तम मेमोरियल कालेज तथा कर्मचारीगण, विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ से पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित हुए।

### शिकायत के लिए आबकारी नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर में करे संपर्क

**बीजापुर 17 अक्टूबर ।** जिला आबकारी अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार आम नागरिकों को आबकारी विभाग से संबंधित शिकायत हेतु दूरभाष नंबर उपलब्ध है उक्त नंबर आबकारी नियंत्रण कक्ष का जिसका नंबर 07853-299020 है जिस पर आम नागरिक आबकारी विभाग से संबंधित कोई भी शिकायत दर्ज करा सकते है।

### इस बार 1519 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई

# शीतला मंदिर में छत्तीसगढ़ समेत अमेरिका मुम्बई और मध्यप्रदेश से जलवाई गई ज्योति



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 18 अक्टूबर।** गरियाबंद जिला अंतर्गत आने वाले नप छुरा में इस बार नवरात्र पर्व को लेकर माँ शीतला मंदिर में बेहतर तैयारियां की गई है।माँ शीतला मंदिर में प्रतिवर्ष प्रज्वलित मनोकामना ज्योति संख्या में इजाफा हो रहा है । नगर के गणमान्य नागरिक बताते हैं कि यहां माँ शीतला से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है।नवरात्र के प्रथम दिवस में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा की तैयारी में लगे हुए थे ।ढलते शाम को माँ शीतला की पूजा अर्चना बइगा के नेतृत्व में राजमहल से कुमार ओंकार शाह जी एवं कुमार यशपेन्द्र शाह जी के द्वारा किया गया।ततपश्चात ज्योत ज्वारा बोआई कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ।माँ शीतला के पूजा अर्चना के बाद मनोकामना ज्योति प्रज्वलित श्रद्धालुओं द्वारा की गई।मिली जानकारी के अनुसार छुरा क्षेत्र के आसपास के श्रद्धालुगण ज्योत प्रज्वलित कराए ही है।इसके साथ ही अमेरिका मुम्बई मध्यप्रदेश के श्रद्धालुगण यहां मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराये है।इस बार तेल ज्योति 1495 एवं घी ज्योति 24 की संख्या में प्रज्वलित हुई है।माँ शीतला के दरबार मे दिनभर सेवा भजन जसगीत चलने से आसपास का वातावरण माँ के भक्ति में डूबा हुआ नजर आता है।मंदिर में लगे झालर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। साथ ही प्रतिदिन प्रसादी वितरण भी किया जाता हैं।यहां की प्रमुख मान्यता यह है कि इस शहर में कोई भी दुर्गा मूर्ति की स्थापना नही की जाती। कहा जाता है कि यहां सिर्फ हमारी आराध्य सिर्फ एक ही देवी है वो है माँ शीतला ।वही एक बार स्थापना हुआ जिसने स्थापना किया था उसके साथ अनहोनि घटना घटी तब से माँ शीतला को ही नवरात्र से लेकर बारो माह पूजते आ रहे हैं।माँ शीतला मंदिर छुरा के तैयारियां में सार्वजनिक शीतला समिति,सेवुक समाज एवं छुरा नगर के सभी लोग बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

### कुमकुम,संध्या,योगानंद ने लहराया गरियाबंद जिले का परचम, तीनों जीते गोल्ड



**छुरा, 18 अक्टूबर।** छग राज्य भारोतोलन संघ के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय 21वीं जूनियर वर्ग महिला पुरुष भारोत्तोलन प्रतियोगिता जो 13-15 अक्टूबर 2023 को बालोद में सम्पन्न हुई जिसमें गरियाबंद जिला भारोत्तोलन संघ इकाई की ओर से जिला कुमकुम ध्रुव संध्या साहू व योगानंद खरे ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर एक बार पुनः वर्चस्व कायम रखने में सफलता हासिल किया विदित हो कि इससे पूर्व भी अस्मिता खेलो इंडिया में इन खिलाड़ियों ने अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था इस बार कुमकुम ध्रुव ने 49 किलो ग्राम भार वर्ग में कुल 115 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता कुमकुम ध्रुव लगातार सब जूनियर वर्ग की तीन वर्ष की स्टेट चैम्पियन है संध्या साहू ने 45 किलोग्राम भार में कुल 101 किलोग्राम भार उठाकर पहली बार गोल्ड मेडल जीता है योगानंद खरे भी लगातार दो वर्ष से गोल्ड पर कब्जा जमाये हुए है गरियाबंद जिला इकाई से छः खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए जिनमें खेमिन पटेल,लछ्वन्तीन कोसले व देव कुमार निषाद भी शामिल हुए थे।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष यशवंत यादव,प्रमोद सिंह ठाकुर,सचिव हीरालाल साहू, सहसचिव शीतल ध्रुव कोषाध्यक्ष भोलेशंकर जायसवाल,विनोद देवांगन,रेवेन्द्र दीक्षित,देवनारायण यदु,शिव ठाकुर, राजकुमार लहरे, रुपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर, अर्जुन धनंजय सिन्हा,मिथलेश सिन्हा,यूनूस खान,टंकेश्वर मरकाम आदि प्रमुख है

जब्त



### 31 लीटर अवैध मदिरा जब्त, आबकारी विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद।** आबकारी अमला ने मंगलवार को बागबाहरा में अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध दो आरोपियों पर कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक आबकारी दल ने छोटे खेमड़ा, थाना-कोमाखान निवासी अमीर बक्श कुरैशी से 60 पाउच जेब्रा छाप ओडिशा राज्य निर्मित मदिरा 12 बल्क लीटर, 45 पाउच हिरण छाप ओड़िशा राज्य निर्मित मदिरा मात्रा 9 बल्क लीटर कुल 21 बल्क लीटर व दिलीप पांडे ग्राम उखरा से 53 नग पाउच जेब्रा छाप ओडिशा राज्य निर्मित मदिरा कुल मात्रा 10.600 बल्क लीटर कुल 31.600 बल्क लीटर मदिरा बरामद की। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम धारा (34)(2) के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सविता रानी मेश्राम, आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बागबाहरा मुकेश कुमार वर्मा, आबकारी उपनिरीक्षक हृदय कुमार तिरपुड़े, आबकारी मुख्य आरक्षक माधव राव, आबकारी आरक्षक देवेश मांझी तथा वाहन चालक गांधी राम ठाकुर एवं शामिल रहे।

### रायगढ़ मुख्यालय समेत तहसीलों में प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से निकाला फ्लैग मार्च



**रायगढ़, 18 अक्टूबर।** आसन्न विधानसभा चुनाव जिले में भय मुक्त वातावरण में निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने प्रशासन व पुलिस की तैयारियां पूर्ण है ।प्रदेश में आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन व पुलिस की टीमें आचार संहिता का पालन कराने की दिशा में सार्वजनिक स्थानों एवं शासकीय कार्यालय, भवनों में राजनैतिक दलों के पूर्व से लगे बैनर, पोस्टर, स्लोगन इत्यादि हटाने की कार्यवाही अमल में लाई गई । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रायगढ़ के मार्गदर्शन पर निष्पक्ष निर्वाचन कराने हेतु स्थैतिक निगरानी दलए उडनदस्ता के साथ प्रशासन व पुलिस अधिकारीगण लगातार राजनैतिक दलों के प्रचार प्रसार, प्रचार सामाग्रियों एवं मादक पदार्थों के परिवहन पर निगाह रखी जा रही है । इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2023 के शाम जिलेवासियों को सुरक्षा का बोध कराने प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जिला मुख्यालय एवं तहसीलों में फ्लैग मार्च निकला गया । रायगढ़ शहर में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय, तहसीलदार रायगढ़ लोमेश मिरी, आरआई अमित सिंह, नगर कोतवाल शनिप रात्रे, प्रशांत राव आहेर, विजय चेलक, राम किंकर यादव के साथ प्रशासन की टीम व सुरक्षा बलों ने शहर के विभिन्न चौक.चौराहों में पैदल फ्लैग मार्च किया गया।

# फ्लाइंग स्कवाड बेहतर तरीके से करे कार्य:कलेक्टर



**रायगढ़, 18 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने फ्लाइंग स्क्वायड टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम की बैठक ली। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी हैं। आगामी 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदाताओं को लुभाने, प्रभावित करने वाले समग्रियों पर सख्ती से कार्यवाही करें। जिसके लिए सभी फ्लाइंग स्क्वायड टीम को बेहतर तरीके से कार्य करना होगा। आज जीएसटी अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं, सभी बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं कही भी शंका होने पर उसका समाधान प्राप्त करें। जीएसटी अधिकारी श्री पैकरा ने बताया कि निर्वाचन में प्रलोभन के लिए दी जाने वाली मुफ्त की वस्तुएं जैसे कपड़े, जूते, किचन समान आदि के परिवहन वाहनों की जांच के समय वैध दस्तावेज के रूप में टैक्स इनवाइस अथवा ई-वे बिल होना आवश्यक हैं। उन्होंने दोनों बिलों के जांच के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कार्यवाही के दौरान होने वाले शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस दौरान एफएसटी को सी-विजिल के उपयोग करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ ही किए गए कार्यवाही को इएसएमएस (इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम) में अपडेट करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जांच के फलस्वरूप वस्तुओं के जप्त होने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति वैध दस्तावेज के साथ कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित होकर अपनी जप्त सामग्रियों को प्राप्त कर सकते हैं। आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री गोयल ने एफएसटी, एसएसटी को निर्देशित किया कि हमारा कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष निर्वाचन हेतु जांच करना है, इसका उद्देश्य आमजन, व्यापारिक गतिविधियों को प्रभावित नहीं करना है। सभी टीम जनसामान्य को अनावश्यक परेशान किए बिना जांच की कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री गोयल ने आदर्श आचार संहिता के दौरान शराब तस्करी, कैश, ड्रग्स एवं बड़ी मात्रा में सामग्रियों के परिवहन पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के वाहनों की जांच के दौरान वीडियो बनाना सुनिश्चित करें। संदिग्ध व्यक्ति अथवा बड़ी रकम मिलने पर सोर्स की जानकारी ले एवं संदेह होने पर कार्यवाही करें। विभागीय कैश वाहनों के साथ बैंकों के क्युआर लगे कैश वाहनों के मूवमेंट को प्रभावित किया बिना जांच सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, एडिशनल एसपी श्री संजय महादेवा, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट, जिला परिवहन अधिकारी श्री दुष्यंत रायस्त, सीएसपी श्री अभिनव उपाध्याय, एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा, जीएसटी अधिकारी श्री पैकरा एवं रागिनी सिंह सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस और फ्लाइंग स्कवाड की जांच में फॉर्च्यूनर गाड़ी में मिला 5 लाख



**रायगढ़, 18 अक्टूबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमें वाहनों की सघन तलाशी की जा रही है जिससे राजनैतिक दलों के अवैध प्रचार.सामाग्रीए मादक पदार्थ एवं संदिग्ध वस्तुओं का परिवहन रोका जा सके । इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2023 के शाम पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत के नेतृत्व में पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग दौरान सरायपाली तिराहा पर एक काले रंग के चार पहिया फॉर्च्यूनर वाहन को रोक कर चेक किया गया । जांच दल ने ड्राइवर सीट में बैठे व्यक्ति को उसके बगल वाली सीट में रखे थैली के संबंध में पूछताछ किया गया । वाहन में बैठा व्यक्ति रोहतास नेहरा पिता हरिश्चंद्र नेहरा उम्र 45 वर्ष निवासी आशीर्वादपुरम कॉलोनी रायगढ़ हाल मुकाम सरायपाली थाना पूंजीपथरा ने थैले के अंदर 5 लाख रुपए नकद होना बतायाए जिसे पुलिस अधिकारी ने आचार संहिता के नियमों के अनुरूप 50,000 रूपये से अधिक की राशि परिवहन के संबंध में पूछताछ कर उचित व वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया । मौके पर वाहन में उपस्थित व्यक्ति द्वारा रकम के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गयाए पूंजीपथरा पुलिस द्वारा धारा 102 सीआरपीसी के अंतर्गत 500-500 के 10 नोट बंडल रूपये जुमला 5 लाख को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया । थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह ने बताया कि आज शाम प्रधान आरक्षक राम प्रसाद यादव व हमराह आरक्षक उमाशंकर भगत, निर्दोष लकड़ा सरायपाली तिराहा पर वाहन चेकिंग की कार्यवाही की जा रही थी। इसी दौरान फॉर्च्यूनर वाहन से संदिग्ध रकम 500000 बरामद हुआ जो जिले में प्रभावशील आचार संहिता नियमों का उलंघन होना पाये जाने पर विधिवत जप्ती कार्रवाई की गई है जिसकी जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को दी गई है ।

### कलेक्टर की उपस्थिति में प्रथम रेंण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण

**राजनांदगांव 18 अक्टूबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह की उपस्थिति में कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से प्रथम रेंण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर खुज्जी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगढ़ श्री गिरिश रामटेके, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगांव श्री अश्वन पुसाम, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि में इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्री रूपेश दुबे एवं भारतीय जनता पार्टी से श्री रघुवीर वाधवा, श्री अरूण शुक्ला, श्री विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### मुठभेड़ के बाद नक्सली का शव मिला




**बीजापुर, 18 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत कोरंजेड़-बंदेपारा के जंगल में मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज नागेश, सचिव एसीएम बुचन्ना, एसीएम विश्वनाथ एवं अन्य 15-20 माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 16/10/2023 को डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं केरिपु 170 की संयुक्त टीम नक्सल अभियान पर रवाना हुई थी । अभियान के दौरान बंदेपारा के जंगल में कैम्प लगाये माओवादियों द्वारा पुलिस पार्टी को देखकर फायरिंग शुरू कर दिये । जवाब में पुलिस पार्टी द्वारा सुरक्षित आड़ लेकर जवाबी कार्यवाही की गई । पुलिस की जवाबी कार्यवाही से नक्सली जंगल पहाड़ का आड़ लेकर डेरा छोड़कर भाग गए। फायरिंग रुकने के पश्चात् पुलिस पार्टी द्वारा घटनास्थल की बारीकी से सर्चिंग की गई। सर्चिंग करने के दौरान घटनास्थल से एक वर्दीधारी पुरुष नक्सली का शव व पास से 01 नग एके-47 रायफल,एके-47 की 03 मैग्जिन,एके-47 के 54 राउण्ड, विस्फोटक, दवाईयां, माओवादी साहित्य, वर्दी, बैनर, सोलर पैनल, इलेक्ट्रीक वायर एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया । मुठभेड़ में मारे गये माओवादी की पहचान मद्देड़ एरिया कमिटी प्रभारी डीव्हीसीएम नागेश पदम के रूप में की गई। जिला बीजापुर के विभिन्न थानों में नागेश पदम के विरुद्ध कुल 108 स्थाई वारंट लंबित है एवं उक्त माओवादी के ऊपर छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण एवं घोषित ईनाम नीति के तहत् 8.00 लाख रुपये का ईनाम घोषित था ।

### लोगों को मतदान के लिए किया गया जागरूक



**बीजापुर, 18 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत् दिव्यांगजनों, वरिष्ठजनों, युवा वर्ग एवं तृतीय लिंग व्यक्तियों का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 17 अक्टूबर 2023 को आयोजित किया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बीजापुर व समर्थ जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, बीजापुर के दिव्यांग छात्र- छात्राओं एवं आसपास के दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा आम जनता को रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा जो 18 वर्ष या 18 वर्ष से ऊपर के मतदाता हैं वे भयमुक्त व बिना दबाव के अपने मतदान का उपयोग करें। उक्त मतदाता जागरूकता रैली में 80 से अधिक दिव्यांगजन युवा व वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, बीजापुर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया गया। उक्त रैली में श्री रवि कुमार साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बीजापुर, श्री कमलेश कुमार पटेल संचालक समाज कल्याण बीजापुर एवं श्री बीआर बघेल जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर उपस्थित थे।

### आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो



**बीजापुर, 18 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 का सफलतापूर्वक संपादन करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने, निष्पक्ष और पारदर्शी रहकर समस्त गतिविधियों की निगरानी रखने, आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी चेकपोस्ट पर वाहनों का सघनतापूर्वक जांच कर पंजी में संधारित करने, विडियोग्राफी टीम सभी एफएसटी, एसएसटी एवं वीएसटी टीम को निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। वहीं नामांकन दाखिल, नामांकन खरीदने जैसे प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने, साइलेंस जोन का बोर्ड/पट्टिका लगाने, सुरक्षाकर्मियों के रुकने की व्यवस्था सहित सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, पंखा, शौचालय इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने सभी एसडीएम को बुनियादि सुविधाओं की जांच करने के निर्देश दिए। निर्वाचन हेतु मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण हो चुका है। द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 21 एवं 22 अक्टूबर को आयोजित होगा प्रशिक्षण में सभी मतदान अधिकारियों एवं सेक्टर अधिकारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने, मेडिकल संबंधी प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कराने के निर्देश दिए। आदर्श आचार संहिता एवं कोलाहाल अधिनियम के विरूद्ध कोई भी कृत्य होने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को बिना सूचना एवं स्वीकृति के अवकाश पर नही रहने एवं मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए। स्ट्रांग रूम में फायर अलार्म, सीसीटीवी एवं सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त हो इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, संयुक्त कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री पवन कुमार प्रेमी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण गवेल सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

### ईव्हीएम का किया गया प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन



**बीजापुर, 18 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन मे कराया गया ।इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण गवेल ने विधानसभा क्रमांक 89 बीजापुर हेतु उपलब्ध ईव्हीएम मशीन की बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, और व्हीव्हीपीएटी की संख्यात्मक जानकारी दी।

## एक नजर

### मतदान के लिए खास अभियान चलाकर घर-घर भेजा जा रहा आमंत्रण पत्र

**सुकमा 18 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देश के सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित जिलों में से एक सुकमा जिले में शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर प्रशासन ने रणनीति तैयार कर ली है। जिले के 90 प्रतिशत मतदान केंद्र अतिसंवेदनशील इलाके में हैं। इसके चलते पिछले ढाई दशक से यहां शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद से पुलिस एक्शन मोड पर आ गई है। वहीं दूसरी ओर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। सुकमा जिले द्वारा व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'वोट पंडुम नेवता' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से लगभग 50000 परिवारों को आमंत्रण पत्र भेज कर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। बता दें कि मतदान कराने के लिए इस आमंत्रण के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। जिला कलेक्टर के निर्देश से यह नेवता लोगों के घर-घर तक भेजवाया जा रहा है।

### भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान



**कुरूद 18 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के बुथ ससक्तीकरण अभियान के अंतर्गत श्रीमती प्रतिभा अजय चन्द्राकर जी एवं ज्योति चन्द्राकर जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा विधानसभा प्रभारी ने विभिन्न गावों के बुथ जिसमे आलेखुटा, सोनपुर, सेमरा सी, देवरी, दर्री, चिरपोटी, नवागांव कचना, कानामुका, खपरी, जरवायडीह, भैसबोड, कुम्हारी, पुरैना, कल्ले के मतदाता माता- बहनों एवं भाइयों से जनसंपर्क एवं बैठक कर कांग्रेस सरकार के वादा खिलाफी बारे में अवगत कराया गया ! इस अभियान में सिंधु बैस, देवकी आशा रात्रे,पूर्णिमा साहू, यशोदा साहू, गीतेश्वरी साहू, रश्मि साहू सभी ने भाग लिया, और फिर से भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

### राज्यस्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 20अक्टूबर से

**छुरा 18 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड छुरा में ग्राम कोसमबुड़ा शहीद चौक में राज्यस्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 2023का आयोजन शहीद महेंद्र कुमार ध्रुव स्मृति में खेल संघ के तत्वाधान में किया जा रहा है जो कि 20अक्टूबर को प्रांरभ होकर 21अक्टूबर को समापन किया जाएगा। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 11102रु.,द्वितीय 7101रु.,तृतीय पुरस्कार 5101रु.व चतुर्थ पुरुस्कार के रूप 3101रु.में रखा गया है तथा प्रवेश शुल्क 251रु.प्रत्येक टीम के लिए निर्धारित किया गया है।

### निधन

#### पद्मावती देवी



**छुरा।** निवासी स्वर्गीय सेठ फेरूमल की धर्मपत्नी व रतन कुकरेजा,धनेश कुकरेजा एवं शंकर सीतलानी की माताजी व रजत शुभम एवं अनु की दादी पद्मावती देवी जी आकस्मिक निधन हो गया है।जिनकी अंत्येष्टि का कार्यक्रम आज शाम 4ञ्30 बजे तय हुआ है ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें।

# प्राचीन मावली माता मंदिर में ज्योत-जवारा के दर्शन को दूर-दूर से आते हैं भक्त

## शीतला मंदिर छुरा में पूरे छत्तीसगढ़ समेत अमेरिका,मुम्बई ,मप्र से भी जलाई गई ज्योति



**तिल्दा नेवरा 18 अक्टूबर ।** मां मावली माता मंदिर पुरानी बस्ती तिल्दा में 465 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है, शारदीय नवरात्रि पर्व पर पुरानी बस्ती तिल्दा वार्ड क्रमांक 19 स्थित मां मावली माता मंदिर में 465 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित यहां की गई है। साथ ही यहां पर पंचमी एवं सप्तमी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है । सप्तमी के दिन धेनुबखत कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जो की आकर्षण का केंद्र रहता है। मंदिर को विषेश साज सज्जा के साथ सजाया गया है। वही बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए प्रथम दिन से ही यहां पर उपस्थित हो रहे हैं। प्रति दिन जस गीत माता के भजन के अलावा दुर्गा पाठ का भी आयोजन किया किया जा रहा है साथ ही चौक चौराहों में भी नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है ग्रामीणों अंचल में मनाया जा रहा भक्ति शक्ति का नवरात्रि उत्सव गांव भुरसुदा में रणथंबोर माता मंदिर में उत्सव ग्रामीण मना रहे है इसके अलावा तुलसी बेहसर बेंकुठ रायेखेड़ा सरोरा आदि गावो में नवरात्रि उत्सव हर्षो उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।



### मातारानी का जगरात

तिल्दा नेवरा नवरात्री के उपलक्ष में 19 अक्टूबर गुरुवार को मातारानी का भव्य जगराता व झाकी का आयोजन किया गया है जिसमे छत्तीसगढ़ फिल्म स्टार सुनील तिवारी द्वारा माता रानी का भव्य जगराता का कार्यक्रम आयोजित किया गया । आयोजन समिति ने अपनी तयारी चालू कर दी है । तिल्दा के इतिहास मैं जगराता के साथ साथ झाकी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है । यह कार्यक्रम ज्ञान मेडिकल के पास आयोजित किया जाएगा रात्रि 8 बजे से यह कार्यक्रम चालू होगा । सुनील तिवारी द्वारा अनेक सुपर हिट पिक्चर आटो वाले भाटो,गोलमाल जैसी पिक्चर मैं हीरो का किरदार निभाया है नगर व आसपास मैं इस जगराता को लेकर लोगो मैं काफी उत्साह है । आयोजक संस्था व राहुल तेजवानी एल्डरमैन तिल्दा ने बताया 5100 लोगो के बैठने की व्यवस्था की गई है ।

### शीतला मंदिर में 1519 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित



**छुरा 18 अक्टूबर।** गरियाबंद जिला अंतर्गत आने वाले नप छुरा में इस बार नवरात्र पर्व को लेकर माँ शीतला मंदिर में बेहतर तैयारियां की गई है।माँ शीतला मंदिर में प्रतिवर्ष प्रज्वलित मनोकामना ज्योति संख्या में इजाफा हो रहा है । नगर के गणमान्य नागरिक बताते हैं कि यहां माँ शीतला से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है।नवरात्र के प्रथम दिवस में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा की तैयारी में लगे हुए थे ।ढलते शाम को माँ शीतला की पूजा अर्चना बइगा के नेतृत्व में राजमहल से कुमार ओंकार शाह जी एवं कुमार यशपेन्द्र शाह जी के द्वारा किया गया।ततपश्चात ज्योत ज्वारा बोआई कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ।माँ शीतला के पूजा अर्चना के बाद मनोकामना ज्योति प्रज्वलित श्रद्धालुओं द्वारा की गई।मिली जानकारी के अनुसार छुरा क्षेत्र के आसपास के श्रद्धालुगण ज्योत प्रज्वलित कराए ही है।इसके साथ ही अमेरिका मुम्बई मध्यप्रदेश के श्रद्धालुगण यहां मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराये है।इस बार तेल ज्योति 1495 एवं घी ज्योति 24 की संख्या में प्रज्वलित हुई है।माँ शीतला के दरबार मे दिनभर सेवा भजन जसगीत चलने से आसपास का वातावरण माँ के भक्ति में डूबा हुआ नजर आता है।मंदिर में लगे झालर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। साथ ही प्रतिदिन प्रसादी वितरण भी किया जाता हैं।

# 1 लाख के ईनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 18 अक्टूबर।** जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), श्री सुनीत कुमार राय, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ (परिचालन सुकमा / कोन्टा रेंज), श्री कमलोचन कश्यप उप पुलिस महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा के मार्ग दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, श्री रतिकांत बेहरा कमाण्डेन्ट 02 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री अनामी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी, 02 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री प्रभात कुमार अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स. के निर्देशन एवं श्री रजत नाग, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, श्री परमेश्वर तिलकवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की ÷छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति÷ के तहत विश्वास, विकास एवं सुरक्षा की भावना एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ÷पूना नकोम अभियान ( नई सुबह, नइ शुरूआत ) से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में सक्रिय नक्सली सोड़ी जोगा (गुफडी आरपीसी अध्यक्ष + डीएकेएमएस अध्यक्ष, 01 लाख ईनामी छ0ग0 शासन द्वारा ) निवासी थाना गादीरास क्षेत्र के द्वारा आज दिनांक 14. 10.2023 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में श्री टी. सैमसन राजू, डिप्टी कमाण्डेन्ट, 02 वाहिनी सीआरपीएफ एवं श्री रजत नाग, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पित नक्सली सोड़ी जोगा नक्सली संगठन में जुड़कर थाना फुलबगड़ी एवं थाना गादीरास क्षेत्र में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहा है। आत्मसमर्पित नक्सली को समर्पण हेतु प्रोत्साहित

## समाचार संक्षेप

### कार में मिल 2 लाख 62 हजार कैश जब्त कर की गई कार्रवाई



**बलौदाबाजार,18 अक्टूबर।** जिला मुख्यालय नजदीक सकरी बायपास के पास रेण्डम वाहन चेकिंग के दौरान उड़नदस्ता टीम को एक कार क्रेटा वाहन क्रमांक जीजे 36 एएफ 5777 से 2 लाख 62 हजार रूपये नगद कैश प्राप्त हुआ। उक्त वाहन में वाहन मालिक धरमपुरा रायपुर निवासी दुर्गेश जैन सहित एक अन्य व्यक्ति वाहन में सवार थे। उड़नदस्ता टीम द्वारा कैश के संबंध में जानकारी चाही गई। परन्तु श्री जैन के द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं मिलने के चलते प्रकरण बनाकर उक्त राशि को सील कर जिला कोषालय में जमा करा दी गई है। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन हेतु आचार संहिता लागू होने से केवल 50 हजार रूपये तक नगद राशि रखने का प्रावधान है। उक्त कार्रवाई सहायक खाद्य अधिकारी सुशील टण्डन एवं प्रधान आरक्षक मन्नूलाल ध्रुव के नेतृत्व में टीम द्वारा किया गया।

### जुआ खेल रहे आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाजार 18 अक्टूबर।** मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 16.10.2023 को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि गढखार ग्राम डमरू में कुछ लोग ताश पत्ती में रूपये पैसे की हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। की सूचना पर रेड कार्यवाही किया जिसमें आरोपी 01. भरत यदु पिता जगदीश प्रसाद 02. लच्छी निषाद पिता दरशु राम निषाद 03. प्रेम लाल सोनवानी पिता बुधवार चरण 04. दिलहरण मनहरे पिता शिवकरण 05. परमेश्वर साहु पिता राम कुमार साहू को पकड़ा गया। आरोपियों से कुल ?18520 एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ प्रति. अधि. की 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर अमोल कंवर, अंजोर मांझी, आरक्षक 134,839,889, 279,294 का विशेष योगदान रहा।

# मतदान दलों के प्रशिक्षण का प्रथम चरण शुरू,कलेक्टर ने प्रशिक्षण का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,18 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव के लिए गठित मतदान दलों के प्रशिक्षण का प्रथम चरण बलौदाबाजार सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयों में शुरू हुआ। कलेक्टर श्री चंदन ने कुमार ने आज जिला मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण केंद्र सेक्रेड हार्ट हाई स्कूल एवं पलारी स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण कर जायजा लेते हुए दलों को जरूरी टिप्स दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी हर कड़ी महत्वपूर्ण है।प्रशिक्षण में बताए जा रहे हर पहलूओं और बारीकियों को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लें। निर्वाचन कार्य के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रशिक्षण का विशेष महत्व होता है। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई जा रही सभी बातों को ध्यान से सुनते हुए समुचित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण में उन्होंने लगभग घण्टे तक प्रशिक्षणार्थियों से लिए गए प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली और प्रशिक्षण से संबंधित सवाल भी पूछे। उल्लेखनीय है कि जिले में 4 हजार 200 से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान सामग्री ईव्हीएम, मतदाता सूची, सीलिंग एवं अन्य सामग्री जैसे कि मतदाता रजिस्टर,मतदाता पंजी, एड्रेस टैग, अमिट स्याही, मॉक पोल आदि के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को मतदान पूर्व की तैयारियां, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट को सील करना, मतदान प्रारंभ करना, डाकमत पत्र, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, निशक्तः मतदाताओं द्वारा मंताकन, अमिट स्याही लगाना, मतदाता के हस्ताक्षर जैसी प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि व्हीव्हीपेट, कंट्रोल एवं ईव्हीएम के सभी तार स्पष्ट रूप से दिखने चाहिए इसमें पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। कहीं से भी छुपा होना नहीं चाहिए। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 के कर्तव्यों के बारे में भी प्रकाश डाला गया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर नितिन तिवारी, बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल,जनपद सीईओ श्री मंडावी,मास्टर ट्रेनर श्री तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# खानपान के गुणवत्ता मापदंडों की अनदेखी की जा रही

**भाटापारा 18 अक्टूबर।** इन दिनों शहर मे खानपान के गुणवत्ता मापदण्डों मे लगातार अनदेखी बरती जा रही है थोडे समय मे अधिक लाभ के लालच मे अनेक होटल व्यवसायी गुणवत्ता मापदंडों को अनदेखी कर रहे है जिसका सीधा आम उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर सीधा पडता है। गौरतलब है की होटलों मे नाशते के रुप मे सबसे अधिक उपयोग आलू का ही होता है जिससे सबसे अधिक डिमांड मे रहने वाला नाशता समोसा व आलूगुन्डा मे इसका सबसे अधिक उपयोग होता है परंतु इतने कम समय मे आलू का उबल जाना व मनचाहे पूर्ति हो जाना भी अनेक सवालों व आशंकाओं को भी पैदा करता है वही आलूगुन्डा मे डाले जाने वाले सोडा का भी क्या मापदण्ड होना चहिये इन सभी बातों को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा भी आज तक कोई निरीक्षण नही किया गया जबकि निर्धारित मापदंड से अधिक सोडा बेसन मे डाला जाना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होता है वही उपयोग होने वाले तैलो के गुणवत्ता मापदण्डों को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने कोई भी निरीक्षण कर कारवाई नही किया गया है। राजधानी में त्योहार के समय रायपुर बनारस, नागपुर, इंदौर और कुछ अन्य शहरों से नकली खोवा मंगाया जाता है। इस साल इसकी आवक होना तय है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त तथ्य सामने आया है कि खोवा बनाने के लिए 200 मिलीलीटर दूध में 10 ग्रामचाशिंग पाउडर, यूरिया, 800 एमएल रिफाइंड तेल या घटिया वनस्पति घी को पानी में डालकर मिलाया जाता है। इस तरह 1 लीटर दूध से 20 लीटर सिंथेटिक दूध तैयार किया जाता है। इसी सिंथेटिक दूध से खोवा बनाया होता है। इस तैयार खोवे को असली खोवा बताकर दुकानदारों को बेचा जाता है। यह सेहत के लिए खतरनाक होता है वही शहर ऐसे कई मिठाई दुकाने व होटल संचालित हो रहा है जो पंजीकृत नही परंतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा ऐसे मामलों मे कोई कारवाई नही करने यह भर्राशाही धडल्ले के साथ अपना पैर पसार रहा है।

होटलो मे गुणवत्ता एवं साफ सफाई के संबध मे कहा कि जल्द जांचकर ठोस कार्यवाही किये जाने की बात कही।

**कलेक्टर, चंदन कुमार**

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि होटलो मे साफ सफाई व वहां बनने वाले खाद्य सामग्री की सघन जांच पडताल किया जायेगा।

**उमेश वर्मा, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी**

# शासकीय कर्मी के घर ली नेताजी ने चुनावी बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 18 अक्टूबर।** जिले में सत्ताधारी दल के एक कद्दावर नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ शुक्र वार को कोंटा पहुंचे थे। नेताजी के प्रवास की खबर मिलते ही दो पंचायत सचिव उनकी आवभगत की तैयारी में जुटे रहे। विश्राम गृह में आवभगत की तैयारी की गई थी। भाजपा नेता द्वारा निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में शिकायत की जाने की खबर मिलते ही नेताजी रेस्ट हाउस नही पहुंचे और एक शासकीय सेवक के घर चले गए। शासकीय सेवक के घर में लोगों से चुनावी चर्चा कर नेताजी वापस सुकमा जिला मुख्यालय लौट आए।

ज्ञातव्य हो कि सुकमा जिले के कोंटा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी पारा काफी चढ़ा हुआ है। इस सीट पर इस बार त्रिकोणीय चुनाव के समीकरण बन रहे हैं। अपनी विजय यात्रा को जारी रखने कांग्रेस के नेता व कार्यकर्त्ता जमकर पसीना बहा रहे हैं। शुक्रवार को नेताजी अपने समर्थकों के साथ कोंटा पहुंचे थे। उनकी खातिरदारी और आवभगत को लेकर दो पंचायत सचिवों ने शासकीय विश्राम गृह में अच्छी व्यवस्था कर रखी थी।

खबर है कि बंडा एवं मुलाकिसोली के पंचायत सचिव नेताजी की खातिरदारी में जुटे थे। नेताजी के लिए विश्राम गृह कोंटा में खातिरदारी की व्यवस्था कराई गई थी। इसकी भनक भाजपा नेताओं को लग गई। भाजपा के नेता मामले की शिकायत करने निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पहुंच गए। उधर नेताजी को भी शिकायत की भनक लग गई। इसके बाद सत्ताधारी दल के नेताजी विश्राम गृह नही पहुंचे और खातिरदारी में जुटे सचिवों की कोशिशों और उम्मीदों पर पानी फिर गया। ऐसी खबर है कि नेताजी विश्राम गृह जाने की योजना को कैंसिल कर शासकीय सेवक के घर चले गए। वहां उन्होंने कुछ सरकारी कर्मचारियों और पार्टी कार्यकर्त्ताओं से चुनावी चर्चा भी की। उसके बाद नेताजी वापस सुकमा लौट आए।

**आचार संहिता का उल्लंघन :** आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुसार चुनावों के दौरान शासकीय संपत्ति का उपयोग करना राजनीतिक दलों के लिए प्रतिबंधित रहता है। अब यह जांच का विषय है कि किसकी अनुमति से नेताजी के लिए विश्रामगृह उपलब्ध कराया गया था और दो पंचायत सचिव किस अधिकारी के निर्देश पर कांग्रेसी नेता की खातिरदारी का इंतजाम विश्राम गृह में किया गया था ? नेताजी जिस शासकीय सेवक के घर चुनावी रणनीति बनाने के लिए पहुंचे थे, उस शासकीय सेवक की भी भूमिका संदेह के दायरे में आ गई है। अगर इस शासकीय सेवक की ड्यूटी निर्वाचन में लगाई जाती है, तो निष्पक्ष मतदान संभव नहीं होगा।

**भाजपा ने की शिकायत :** कोंटा विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाजपा नेता ने बताया कि विश्राम गृह शासकीय संपत्ति है और चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं को विश्राम गृह उपलब्ध कराना आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुकमा से शिकायत कर पंचायत सचिवों और उक्त शासकीय सेवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202304092200029**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023

डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ हे. ) ]

पक्षकारों का विवरण -

आवेदक पक्षकार-

अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सलमा पिता अब्दुल सलीम जाति मुसलमान निवासी ग्राम डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका की पुत्री अलिना परवीन पिता साहिल खान जाति मुसलमान का जन्म दिनांक 12.11.2016 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है। अत: आवेदिका सलमा पिता अब्दुल सलीम जाति मुसलमान निवासी ग्राम डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा अपनी पुत्री अलिना परवीन पिता साहिल खान जाति मुसलमान का जन्म प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाने हेतू निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 31.10.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/10/2023 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार डोंगरगढ़



**// सूचना //**

मैं सुनीत तम्बोली, प्रो. मेसर्स आशा मिनरल्स, निवासी आशा नगर, लालपुर रोड, कवर्धा, तहसील- कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम तालपुर, तहसील - सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.) के खसरा क्रमांक 44 / 1 44/2 44/3, 44/5, 44/6, 44/7, 44 / 8 एवं 45 रकबा 3.119 हेक्टेयर पर चूनापत्थर उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण कबीरधाम छ.ग. के पत्र क्रमांक 1800/ डीईआईएए/ बै.04/18. कबीरधाम, दिनांक 02/03/2018 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है ।

**मेसर्स आशा मिनरल्स, प्रो. श्री सुनीत तम्बोली. जिला कबीरधाम (छ.ग.)**



**// सूचना //**

मैं सुनीत तम्बोली, प्रो. मेसर्स श्री मिनरल्स, निवासी- महावीर स्वामी चौक कवर्धा, तहसील- कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम-भलपहरी, तहसील-बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के खसरा क्रमांक 163 (भाग) रकबा 2.024 हेक्टेयर पर चूनापत्थर उत्खनन पट्टा स्वीकृत है जिसके नियमित संचालन के लिये जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण कबीरधाम (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 1173 / डीईआईएए/02/17. कबीरधाम, दिनांक 20/03/2017 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

**मेसर्स श्री मिनरल्स, प्रो. श्री सुनीत तम्बोली. जिला कबीरधाम (छ.ग.)**



**पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत अपने ईसी पहचान पत्र नंबर EC23A1003CG5739761N Dated 16.10.2023 द्वारा हमारे हैवी इण्डस्ट्रीयल एरिया, हथखोज, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) में स्थापित परियोजना में क्षमता विस्तार के तहत स्पंज आयरन 97,500 टन/वर्ष से 1,40,000 टन/वर्ष, एम.एस. बिलेट 90,000 टन/वर्ष से 1,92,500 टन/वर्ष, रिरोल्ड स्टील प्रोडक्ट 90,000 टन/वर्ष से 180000 टन/वर्ष (थ्रु हॉट चार्जिंग 1,26,000 टन/वर्ष एवं थ्रु रिहिटिंग फर्नेस 54,000 टन/वर्ष) एवं स्थापित 8 मेगावाट डब्ल्यूएचआरबी एवं पाईप मिल 1,75,000 टन/वर्ष की परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय की है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर तथा मुख्यालय नया रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

स्थान:- दुर्ग ( छ.ग. )

दिनांक: -18.10.2023

**मेसर्स निरोज इस्पात प्रायवेट लिमिटेड हैवी इण्डस्ट्रीयल एरिया, हथखोज, भिलाई, दुर्ग ( छ.ग. )**

# देवी मंदिरों में जगमगा रहे आस्था के हजारों जोत

**रायपुर, 18 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर राजधानी रायपुर के देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। वहीं चौक-चौराहों में आकर्षक पंडालों में माता की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसके साथ ही देवी मंदिरों व विभिन्न देवालयों में आस्था के जोत जगमगा रहे हैं।

नवरात्रि के आज चौथे दिन नौ दुर्गा के एक रूप मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की जा रही है। ज्योतिषाचार्यों की माने तो आज सर्वार्थसिद्धि और अमृतसिद्धि योग बना हुआ है। नवरात्रि में इस तरह के योग विरले ही निर्मित होते हैं। आज बुधवार को मां की उपासना, सच्चे मन से की गई पूजा-प्रार्थना जरूर स्वीकार होती है। यही वजह है कि आज देवी मंदिरों में अपेक्षाकृत श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ देखी गई। शहर के माहामाया माता मंदिर, कंकाली माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, समलेश्वरी, दंतेश्वरी, काली माता मंदिर, बंजारी माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। वहीं शहर के चौक-चौराहों में स्थापित मां की भव्य प्रतिमाओं का दर्शन करने भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शहर में इस वर्ष करीब 100 से अधिक स्थानों पर माता की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। यहां सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। शहर के देवी मंदिरों में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति जलाई गई है। देवी मंदिरों के अलावा देवालयों में हजारों की संख्या में आस्था के जोत जगमगा रहे हैं।


रायपुर। मां मंगला समिति पण्डरी।


रायपुर। झंडा चौक पण्डरी।


रायपुर। पण्डरी में विराजित मां दुर्गा।

## एक नजर

### विप्र कॉलेज में क्या हम राम बन सकते हैं? विषय पर डॉ.आदित्य शुक्ल का व्याख्यान



**रायपुर 18 अक्टूबर।** विजयदशमी के पावन पर्व पर विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति एवं विप्र महाविद्यालय रायपुर द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया है। विशेष व्याख्यान में डॉ .आदित्य शुक्ल( वैज्ञानिक ,कवि ,लेखक एवं प्रेरक वक्त बेंगलुरु ) का ÷ क्या हम राम बन सकते हैं ?विषय पर रोचक एवं प्रेरक उद्बोधन होगा। शनिवार 21 अक्टूबर को सुबह 10ः30 से 1ः00 बजे तक यह विशेष व्याख्यान विप्र महाविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित होगा । जिसमें विद्यार्थी, प्राध्यापक सहित अन्य नागरिक शामिल होंगे।

### क्रिकेट खेलने से मना करने पर महिला को युवक ने दी जान से मारने की धमकी

**रायपुर 18 अक्टूबर।** महिला को जान से मारने की धमकी युवक ने दी है. पूरा मामला पंडरी थाने का है. एफआईआर के मुताबिक आरोपी क्रिकेट खेल रहा था. भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी को कार्यकर्ताओं ने फूलमाला बाजे गाजे एवं आतिशबाजी के साथ किया स्वागत इस दौरान महिला के सिर पर लगी. जिस पर घायल महिला ने क्रिकेट खेलने मना किया. इस बात से नाराज आरोपी प्रतिक अस्लानी ने गाली-गलौज की. इतना ही नहीं आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी. घटना से महिला शिक्षिदा पांडेय डरी हुई है. पति को घटना के बारे में जानकारी दी. जिसके बाद पंडरी थाने में रिपोर्ट की है. शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी प्रतिक अस्लानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. जांच के बाद आरोपी की गिरफ्तारी हो सकती है।

### त्यौहारी सीजन में बेस्ट रिवार्ड्स और लाभ के लिए उपयोग करें अमेजन पेय

**रायपुर 18 अक्टूबर।** त्यौहारी सीजन की शुरुआत के साथ, आप आकर्षक भुगतान ऑफर्स के माध्यम से बड़ी बचत कर सकते हैं। ये विशेष ऑफर्स और रिवार्ड्स यह सुनिश्चित करेंगे कि आपकोअमेजन पेय के माध्यम से अधिकाधिक रीवार्ड्स के साथ बेहतरीन भुगतान अनुभव मिल सके।प्राइम मेंबर्स विशेष डील के तहत कैशबैक, तत्काल बैंक ऑफर्स आदि का लाभ लेकर अमेजन पेय के साथ बड़ी बचत कर सकते हैं। प्राइम मेंबर बनने का सबसे अच्छा मौकाः प्राइम मेंबर 8 अक्टूबर 2023 से शुरु हुए अमेजान ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान अमेजन पेय पर ऑर्डर करके 1,500 रुपए तक के विशेष ऑफर्स अनलॉक कर सकते हैं। इतना ही नहीं बल्कि ग्राहक अमेजन पेय से पैसे भेजकर या स्कैन या भुगतान करके 500 रुपए तक के आकर्षक ऑफर्स अनलॉक कर सकते हैं, जो सभी प्रसिद्ध ऐप्स जैसे उबर, ओला, स्विगी और जोमैटो में रीडीम किए जा सकते हैं।

### टाटा हिताची के इनोवेशन की रायपुर एक्सपो में प्रदर्शनी

**रायपुर 18 अक्टूबर।** कंस्ट्रक्शन और खनन मशीनों की प्रसिद्ध और स्थापित कम्पनी टाटा हिताची ने 17 से 19 अक्टूबर तक रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित एक्सपो का सह प्रायोजक बन कर आइकनईक्यू एक्सपो के लिए मिल कर काम करने सहर्ष घोषणा की है। आइकनईक्यू एक्सपो में भाग लेकर टाटा हिताची ने कंस्ट्रक्शन और खनन उद्योग को शक्तिशाली बनाने के सॉल्यूशन पेश करने की अपनी प्रतिबद्धता दुहराई है। आयोजन में प्रदर्शित टाटा हिताची के बैकहो लोडर, एक्सकेवेटर और अटैचमेंट उत्कृष्टता, उत्पादकता और सस्टेनेबलिटी को लेकर कम्पनी की प्रतिबद्धता की मिसाले हैं। टाटा हिताची पैवेलियन के दर्शक इस क्षेत्र की खास चुनौतियों के समाधान के लिए डिज़ाइन की गई नई मशीनें खुद देख-परख पाएंगे।

### मौलवी के खिलाफ एफआईआर दर्ज, छात्र की पिटाई का मामला

**रायपुर, 18 अक्टूबर।** दीनी तालीम लेने आए छात्र को डंडे से बुरी तरह पीटने के मामले में कोतवाली पुलिस ने मदरसे के मौलवी के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 294, 506 तथा 75 (क) के तहत अपराध दर्ज किया है तथा मामले की जांच की जा रही है। हेडफोन चोरी करने की आशंका पर दस दिन पूर्व मौलवी ने छात्र की पिटाई की थी। पुलिस के मुताबिक, बैजनाथपारा स्थित मदरसा इस्लाहुल मुस्लिमीन यतीमखाना में तालीम हासिल करने आए 14 वर्षीय छात्र के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने आरिफ अली फारूखी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मौलवी पर आरोप है कि 6 अक्टूबर को उसने छात्र की डंडे से पिटाई की थी। मौलवी के खिलाफ छात्र के परिजनों ने रामानुजगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। रामानुजगंज पुलिस से प्राप्त केस डायरी के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मारपीट की घटना से आहत छात्र मदरसे में बगैर किसी को बताए अपने घर चला गया था। उसके बाद मौलवी ने छात्र के परिजनों को फोन कर बगैर किसी को बताए मदरसे से चले जाने की जानकारी दी। दूसरे दिन घर पहुंचने पर छात्र ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद छात्र के परिजनों ने बलरामपुर स्थित चाइल्ड हेल्पलाइन से संपर्क किया।

## भाजपा कितना भी षड्यंत्र कर ले चुनावी मुद्दा तो कांग्रेस सरकार के काम ही होंगे

**रायपुर 18 अक्टूबर।** भाजपा कितनी भी कोशिश कर ले छत्तीसगढ़ के चुनाव मे मुद्दा भूपेश सरकार के 5 साल के जनकल्याण कारी काम ही होंगे। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला नें कहा की इस चुनाव मे भाजपा मुद्दा विहीन है वह चुनाव को जनसरोकारों से भटकाने का षड़यंत्र कर रही। पांच सालो मे भूपेश सरकार नें हर वर्ग के लिए काम किया है किसान मजदूर महिला आदिवासी सभी वर्ग के लिए प्रभावी योजना बना कर उनका जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन किया गया। जिसके कारण मुख्य मंत्री और सरकार की लोकप्रियता बढ़ी लोगो के जीवन स्तर मे व्यापक परिवर्तन आया 40लाख लोग गरीबी रेखा से बहार आये। कांग्रेस संचार प्रमुख नें कहा छत्तीसगढ़ मे भाजपा साम्प्रदायिक सदभाव बिगाड़ कर तनाव फैला कर चुनाव मे जाना चाह रही अमित शाह का राजनांदगाव का भाषण इस बात का प्रमाण है की भाजपा मुद्दा विहीन है वह अब अपने चरित्र के अनुसार प्रदेश की गंगा जमुनी फिजा पर प्रहार करने मे लगी है। कांग्रेस संचार प्रमुख नें कहा की भाजपा मंहगाई बेरोजगारी रोटी कपड़ा मकान शिक्षा जैसे विषयो पर बात करने की हिम्मत नहीं कर पा रही पिछले 9सालो मे देश मे सरकार चलाने वालों के पास अपने केंद्र सरकार के काम भी बताने के नाम पर शून्य है। देश मे बेरोजगारी मंहगाई चरम पर है यात्री ट्रेन रद्द हो रही आम आदमी बदहाल है। इसके विपरीत कांग्रेस का कार्यकर्ता भूपेश सरकार की उपलब्धियों को ले कर जनता के बीच जा रहा कांग्रेस नें जो कहा वह किया अपने घोषणा पत्र के 36मे से 34वायदो को कांग्रेस सरकार नें पूरा कर जनता का भरोसा जीता यही भरोसा ही 75सीटों के साथ कांग्रेस की सरकार बनाने का आधार बनेगा।



## सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच ने किया 11 माताओं का सम्मान

**रायपुर 18 अक्टूबर।** शारदेय नवरात्र के तीसरे दिन सर्व ब्राह्मण समाज महादेव घाट तथा रायपुरा परिक्षेत्र महिला मंच ने ऐसी 11 माताओ को जिनकी एक या दो बेटियां हैं, उन्हें बेटी गौरव सम्मान से सम्मानित किया। समाज के प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा परिक्षेत्र महिला अध्यक्ष रत्ना शर्मा की उपस्थिति में महादेव घाट स्थित बड़े हनुमान मंदिर उद्यान में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि समाज में जिनकी एक या दो बेटियां हैं और जिन्होंने बेटी को ही बेटा मान बेटे की तरह लालन पालन करके संस्कारिक एवं योग्य बनाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं, ऐसी 11 माताओ को बेटी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया । इन माताओ को भगवान परशु गमछा, श्रीफल तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त माताओ में मुख्य रूप से शारदा मिश्रा, मनीषा मिश्रा, पुष्पा तिवारी, ममता तिवारी, कविता शर्मा, वीणा तिवारी, माया शर्मा ,कावेरी शर्मा, अनीता शर्मा, विनीता शर्मा ,प्रीति शर्मा आदि थे।



## स्कूलों में छमाही परीक्षाएं चुनाव के बाद

**रायपुर, 18 अक्टूबर ।** विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही स्कूलों और महाविद्यालयों के कलैंडर में भी बदलाव का सिलसिला शुरू हो गया है। समय-सारिणी में चुनाव तारीखों के आधार पर बदलाव किया गया है ताकि चुनाव का कोई असर इन पर ना पड़े। स्कूलों में छमाही परीक्षाएं दोनों चरण के मतदान के बाद 20 से 30 नवंबर के मध्य होंगी तो वहीं रविवि ने पूरक परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव कर दिया है। रविवि ने संशोधित समय- सारिणी भी जारी कर दी है। रविवि द्वारा चुनाव संबंधित तारीखों की घोषणा होने के पूर्व ही पूरक परीक्षाओं के लिए टाइम-टेबल घोषित कर दिया। गया था। इसके अनुसार, 7 और 17 नवंबर को भी परीक्षाएं होनी थी। छात्र इसमें मतदान करने तो जाते ही हैं, साथ ही महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी इसमें ड्यूटी लगती है। इसे देखते हुए रविवि ने तारीखें बदली हैं। इन तिथियों में बीए, बीएससी और बीकॉम के पर्चे होने थे। पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मौजूदा सत्र से मूल्यांकन प्रणाली में बदलाव किए जा रहे हैं। रविवि ने केंद्रीय मूल्यांकन का फैसला सत्र की शुरुआत में ही ले लिया था।

## थानों में अब तक 63 फीसदी ही लायसेंसी हथियार जमा

**रायपुर, 18 अक्टूबर ।** विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने के एक से दो माह पूर्व ही पुलिस लायसेंसी हथियार जमा कराना शुरू कर देती है और लायसेंसी अस्त्रों को जमा करा लिया जाता है।

आचार संहिता लगने के बाद अब तक 63 प्रतिशत ही लायसेंसी हथियार जमा हो पाए हैं। गौरतलब है, रायपुर जिले में 1800 के करीब लायसेंसी हथियार हैं, इनमें से 1128 लोगों ने अपना अस्त्र अब तक जमा कराए हैं। अब तक 37 फीसदी लायसेंसी हथियार जमा नहीं होने के सवाल पर एएसपी ग्रामीण नीरज चंद्राकर का कहना है कि जिन लोगों ने हथियार जमा नहीं कराए हैं, पुलिस ऐसे लोगों को जल्द से जल्द हथियार जमा करने की हिदायत दे रही है। हथियार जमा नहीं करने वालों के खिलाफ पुलिस अफसर ने उचित वैधानिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। जिन लोगों ने अपने हथियार जमा नहीं कराए हैं, पुलिस ऐसे लोगों को नियमित कॉल कर हथियार जमा करने के लिए दबाव बनाने का भी काम कर रही है।

जिले में जिनके पास लायसेंसी हथियार हैं, उनमें से कइयों के घर का पता बदल गया है। ऐसे लोगों ने अपना पता बदलने के बाद पुलिस को अपने नए पते की जानकारी ही नहीं दी है। ऐसे लोगों की पतासाजी करने में पुलिस को ज् परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही कइयों ने अपना - मोबाइल नंबर बंद कर दिया है या बदल दिया है। इस वजह से पुलिस का उन लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है।

### प्रदर्शन...


रायपुर 18 अक्टूबर। पिछले विधानसभा में पराजित कन्हैया अग्रवाल को इस बार पुनः कांग्रेस की टिकिट दिए जाने की मांग को लेकर आज उनके समर्थकों ने राजीव भवन के सामने प्रदर्शन किया।

## विधानसभा चुनाव के लिए आयोग ने संभाली पूरी कमान, 10 हजार से अधिक वाहन अधिग्रहित

**रायपुर, 18 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। इसके बाद से चुनाव आयोग ने पूरी कमान संभाल ली है।

राजनीतिक दलों की तैयारी के साथ ही चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान दलों, अर्धसैनिक बलों आदि को लाने और ले जाने के लिए सभी प्रकार के वाहनों का अधिग्रहण शुरू हो चुका है। अब तक पूरे प्रदेश में 10 हजार से अधिक वाहनों का अधिग्रहण किया जा चुका है। इस काम में सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमेशा की तरह परिवहन निभा रहा है।

अधिग्रहित वाहनों प्रस्तावित किराया तय

विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 और भविष्य में होने वाले उपचुनाव के समय लगाए जाने वाले शासकीय और अर्धशासकीय वाहनों का किराया दर परिवहन विभाग की ओर से प्रस्तावित कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को भेज दिया गया है।

परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में दो चरणों सात और सत्रह नंवबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मतदान और उसके बाद तीन दिसंबर को होने वाले मतगणना को देखते हुए 10 हजार से अधिक वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। इसमें यात्री बस और ट्रक,कार आदि वाहन शामिल है। जिला कलेक्टरों के निर्देश पर परिवहन विभाग फिटनेस और वाहनों की जांच कर इनका अधिग्रहण कर रहा है। साथ ही जिला पुलिस को इन वाहनों को सौंपा जा रहा है। प्रथम चरण में बस और ट्रक मालिकों को वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। इसके बाद दूसरे चरण में मतदान दल और अधिकारियों के लिए वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा। इसकी की कमी होने पर आरटीओ का अमला मैदान में उतरकर वाहनों को जब्त करेगा।

## गरबा की धुन पर मूक-बधिर बच्चें थिरके

**रायपुर 18 अक्टूबर।** अर्पण कल्याण समिति द्वारा सेक्टर वन, बजाज कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय वनरात्रि पर गरबा नृत्य उत्सव का आयोजन किया गया। इशारों की भाषा समझने वाले स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने गरबा की धुन पर ऐसे पैर थिरकाए कि मौजूद लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली। ये बच्चे न तो सुन सकते हैं और न ही बोल सकते हैं।

यानी गरबा का जो धुन बज रहा था उसे ये सुन नहीं पा रहे थे फिर भी इन्होंने डांडिया और चौकड़ी का जोरदार कमाल दिखाया। स्कूल प्रांगण पर गरबा उतसव का आयोजन लेडिस सर्कल इंडिया और राउंड टेबल इंडिया के बैनरतले किया गया था। मुख्य अतिथि नगर निगम के अध्यक्ष व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे थे।



उन्होंने बच्चों के हुनर की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन बच्चों में प्रतिभाएं कूट-कूट कर भरी है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरिता अग्रवाल, नेहा धारीवाल (एसीपी), अंगूरी देवी अग्रवाल एवं सुमित बरडिया (एसी) मौजूद थे। गरबा परिधान में बच्चों ने गरबा में हिस्सा लेकर खूब मजा किया। कार्यक्रम का संचालन सीमा छाबड़ा ने किया। आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, मृत्युंजय शुक्ला, प्राचार्य कमलेश शुक्ला, मोनिका गुप्ता, विशाल, नीलेश मुंधड़ा, प्रदीप गोविंद, शितूत आदि मौजूद थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23